# नगर परिषद ऊना, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अंकेक्षण अवधि 01-04-2021 से 31-03-2023

## भाग-एक

1 (क) प्रारम्भिक:-

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255 (1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1-376/81-फिन (एल०ए०)- खण्ड– IV, दिनाँक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखों के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हि. प्र. राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद ऊना के लेखों अवधि 1.04.21 से 31.03.23 तक का अंकेक्षण कार्य निष्पादित किया गया ।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान नगर परिषद ऊना में निम्नलिखित बतौर प्रधान एवं कार्यकारी अधिकारी के पद पर कार्यरत्त रहे:-**

(i) प्रधान :-

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पुष्पा देवी | 1.04.2021 से 31.03.2023 |

(ii) **कार्यकारी अधिकारी :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संदीप कुमार | 1.04.2021 से 31.03.2023 |

**(iii) आहरण एवं संवितरण अधिकारी :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संदीप कुमार | 1.04.2021 से 31.03.2023 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:-**

नगर परिषद ऊना, जिला ऊना के लेखों अवधि 1.04.2021 से 31.03.2023 तक के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्रम संख्या | विवरण | पैरा संख्या | राशि (₹) लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | सावधिक ब्याज के रूप में हानि | 7.2 | 2.59 |
| 2 | दिनाँक 31.03.2023 को अनुदानों की व्यय हेतु शेष राशि | 8.1 (iii) | 947.46 |
| 3 | अनुदानों के व्यय से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत न करना | 8.2 (iv) | 1609.61 |
| 4 | दिनाँक 31.03.2023 को गृहकर की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 9.1 (i) | 52.87 |
| 5 | दिनाँक 31.03.2023 को दुकानों के किराये की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 9.2 (i) | 70.78 |
| 6 | दिनाँक 31.03.2023 को विभिन्न मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस वसूली हेतु शेष | 9.3 | 6.22 |
| 7 | घर-घर कूड़ा संग्रहण प्रभारों की वसूली न करना | 9.6 | 22.40 |
| 8 | तहबाजारी की वसूली न करना | 9.7 | 10.26 |
| 9 | गलत वेतन निर्धारण के कारण वेतन एवं भत्तों के रूप में अधिक एवं अनियमित भुगतान | 10.1 | 5.19 |
| 10 | निर्माण /मुरम्मत कार्यों में निष्पादित अतिरिक्त मदों की दरों की गणना गलत तरीके से करने के कारण संविदाकारों को अधिक एवं अनियमित भुगतान | 11.2<br>11.3<br>11.5 | 2.83 |
| 11 | देरी से कार्य निष्पादन करने के बावजूद विलम्ब दण्ड शुल्क की वसूली न करना | 11.7 | 14.21 |
| 12 | प्रशासनिक अनुमोदन के बगैर निर्माण/मुरम्मत कार्यों का निष्पादन | 11.8 | 478.57 |
| 13 | संविदाकारों के बिलों से श्रमकर की कटौती न करना | 11.9 | 8.21 |
| 14 | सफाई ठेकेदारों द्वारा सफाई पर रखे सफाई कर्मचारियों का कर्मचारी भविष्य निधि (नियोक्ता अंशदान) के चालान प्रस्तुत न करना | 12 | 26.74 |
| 15 | अवधि 1.04.19 से 31.03.2021 तक की तुलना में अवधि 1-04-21 से 31-03-22 तक के दौरान 27 व अवधि 1-04-22 से 31-03-23 तक 51 अधिक सफाई कर्मचारी ठेके पर लेने के कारण नगर परिषद को वित्तीय हानि | 12.3 | 109.37 |
| 16 | शेर सिंह सफाई ठेकेदार को वार्ड नंबर 1 व 3 की सफाई के ठेके में अधिक एवं गलत भुगतान | 12.4 | 6.60 |
| 17 | प्रथम न्यूनतम दर भरने वाले सफाई ठेकेदारों को विभिन्न वार्डों का ठेका न देने के फलस्वरूप सम्भावित हानि | 12.5 | 8.02 |
| 18 | न्यूनतम दर भरने वाले ठेकेदार से 3 नंबर मिस्त्री व 6 नंबर मजदूर ठेके पर न लेने के कारण अपव्यय | 12.7 | 2.32 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | नाली का ढक्कन / ड्रेन कवर के क्रय में पाई गई अनियमितताएं | 13 | 14.96 |
| 20 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन मलाहत का कार्य शुरू न होने के बावजूद 10 सफाई कर्मचारी ठेके पर लेने के कारण Sky Light Man Power Hospitality Service Hamirpur को अधिक एवं अनियमित भुगतान | 14 | 11.21 |
| 21 | प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY/HFA) खाते से अनियमित भुगतान | 15 | 19.47 |
| 22 | बिल वाउचर प्रस्तुत न करने के कारण व एन. यू. एल. एम. निधि से संभावित दुरूपयोग | 16.1<br>16.2<br>16.3<br>16.4 | 60.32 |
| 23 | विभिन्न विभागों को निक्षेप निर्माण कार्यों हेतु प्रदत्त अग्रिम का समायोजन न करना | 11.11 | 26.46 |
| 24 | स्वीकृत बजट से अधिक व्यय | 18.2 | 791.10 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

संस्था द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कोई विशेष कार्रवाई नहीं की गई थी। वर्तमान अंकेक्षण उपरांत पैरों की नवीनतम स्थिति का विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट-"क"** पर दिया गया है। नगर परिषद द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करना अत्यंत चिन्ताजनक है। अतः नगर परिषद इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/ कार्रवाई सुनिश्चित करें, तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से यथासमय अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए, ताकि अधिक से अधिक पैरों का समायोजन/निपटारा सम्भव हो सके।

## भाग- दो

**2 वर्तमान अंकेक्षण :-**

नगर परिषद ऊना के लेखों अवधि 1.04.2021 से 31.03.2023 तक का अंकेक्षण कार्य श्री राज कुमार, सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) व श्री सुशील कुमार, आर्टिकल सहायक द्वारा अवधि 01.05.2023 से 13.06.2023 व 28.11.2023 से 6.01.2024 तक नगर परिषद कार्यालय ऊना में किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में समाविष्ट है। विस्तृत अंकेक्षण हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्नलिखित मासों का चयन किया गया।

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2021-22 | 03/22 | 05/21 |
| 2022-23 | 03/23 | 07/22 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :-** प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। हि. प्र. राज्य लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत/अधूरी सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई के कारण अंकेक्षण प्रतिवेदन पर पड़ने वाले किसी भी प्रभाव के लिए उत्तरदायी नहीं होगा तथा हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग की जिम्मेवारी केवल अंकेक्षण हेतु चयनित मासों तक ही सीमित है।

3 **अंकेक्षण शुल्क :-**

नगर परिषद ऊना के लेखों अवधि 01.04.21 से 31.03.23 तक के अंकेक्षण का शुल्क ₹98800 आँका गया। अंकेक्षण शुल्क की राशि को निदेशक, हिमाचल प्रदेश लेखा परीक्षा विभाग, शिमला -9 को भेजने हेतु सहायक नियन्त्रक की अधियाचना संख्या-03 दिनाँक 01.01.2024 द्वारा कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/चैक के माध्यम से अनुरोध किया गया था। कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना द्वारा अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि ₹98800 सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ऊना के बैंक ड्राफ्ट संख्या- 018882 दिनाँक 5.01.2024 के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को प्रेषित कर दिया गया है।

4 **वित्तीय विवरणियां एवं दोहरी लेखा पद्धति बारे :-**

**1) वित्तीय विवरणियां:-**

नगर परिषद/नगर पंचायत अधिनियम -1994 के अंतर्गत नगर परिषद/नगर पंचायत के Accounts Manual के पैरा संख्या 27.4 के अनुसार नगर परिषद द्वारा निम्नलिखित वित्तीय विवरणियां तैयार की जानी आवश्यक है। अंकेक्षण के दौरान निम्न वर्णित वित्तीय विवरणियां आवश्यक जांच हेतु प्रस्तुत करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या- 208 दिनाँक 15.05.2023 व अनुस्मारक संख्या -9 दिनाँक 5.01.2024 द्वारा अनुरोध किया गया था। लेकिन अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त अधियाचना का कोई भी प्रतियुत्तर नहीं दिया गया। अतः नगर परिषद द्वारा वित्तीय विवरणियां तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व वांछित अभिलेख तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

(i) तुलन पत्र (Balance Sheet)

(ii) आय-व्यय विवरणी (Income and Expenditure statement)

(iii) नकदी प्रवाह विवरणी (Statement of Cash Flow)

(iv) प्राप्ति एवं भुगतान विवरणी (Receipt and Payment Statement)

(v) लेखों पर टिप्पणी (Notes to accounts)

(vi) वित्तीय प्रदर्शन सूचक (Financial performance indicator)

**2) दोहरा लेखा पद्धति को लागू न करना :-**

निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या: UD-H(C)-15-49/2003-III 3332-3379 दिनाँक 25.03.2009, UD-H(C)-15-49/2003-III 9337-9385 दिनाँक 7.09.2009 और UD-H(C)-15-49/2003-IV 5215-63 दिनाँक 19.07.2010 द्वारा सभी नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिए गए थे कि वह अपने सभी लेखा खातों को दिनाँक 1.04.2009 से दोहरा पद्धति (Double Entry System on Accural Basis) के अनुरूप संचालित करना सुनिश्चित करें। वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के लेखा खातों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद ऊना द्वारा इन निर्देशों की अवहेलना करके अपने लेखा खातों को एकल पद्धति के आधार पर बनाया गया है। उक्त अनियमितता का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या -211 दिनाँक 18.05.2023 व अनुस्मारक संख्या -9 दिनाँक 05.01.2024 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। लेकिन अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त अधियाचना का कोई भी प्रतियुत्तर नहीं दिया गया। अतः वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के लेखा खातों को दोहरा लेखा पद्धति के आधार पर तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व लेखों का संधारण दोहरी लेखा पद्धति अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**5 वित्तीय स्थिति :-**

नगर परिषद ऊना द्वारा यथा **परिशिष्ट-'ख'** पर प्रस्तुत सूचनानुसार नगर परिषद की लेखा अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 तक की विभिन्न निधियों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है:-

**1 मुख्य रोकड़ बही :-**

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|
| आरम्भिक शेष (स्वयं स्रोत) | 76917586.59 | 79857037.40 |
| आरम्भिक शेष (अनुदान) | 55282303.00 | 62726769.60 |
| **योग** | **132199889.59** | **142583807.00** |
| स्वयं स्त्रोत से आय | 18300474.70 | 21080294.52 |
| हस्तांतरित आय (स्वयं स्त्रोत) | 0 | 2550000.00 |
| अनुदान | 72602749.00 | 94378330.00 |
| ब्याज (स्वयं स्त्रोत) | 3830846.00 | 4891007.00 |
| **कुल योग** | **226933959.29** | **265483438.52** |
| व्यय (स्वयं स्त्रोत) | 19191869.89 | 36593162.53 |
| व्यय (अनुदान) | 63864242.40 | 61029575.00 |
| **हस्तांतरित राशि (स्वयं स्त्रोत)** | 0 | 4050000.00 |
| **हस्तांतरित राशि (अनुदान)** | 1294040.00 | 3100000.00 |
| **अंतिम शेष (स्वयं स्त्रोत)** | 79857037.40 | 67735176.39 |
| **अंतिम शेष (अनुदान)** | 62726769.60 | 92975524.60 |
| **योग** | **142583807.00** | **160710700.99** |

**5.1 (क) (i) दिनाँक 31.03.2023 को नगर परिषद ऊना की मुख्य रोकड़ बही के विभिन्न बैंकों में जमा शेष राशि का विवरण:-**

| क्रम संख्या | बैंक का नाम | खाता संख्या | दिनाँक 31.03.2023 को बैंक के अनुसार अंतिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया ऊना | 1420103692 | 1019688.30 |
| 2 | सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया ऊना | 1420055397 | 288739.37 |
| 3 | पंजाब नेशनल बैंक ऊना | 3353 0001 0019 7769 | 2663068.60 |
| 4 | स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ऊना | 55064742779 | 10582320.17 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | हिमाचल ग्रामीण बैंक ऊना | 88610100009131 | 81855.95 |
| 6 | हिमाचल ग्रामीण बैंक ऊना | 88610100000929 | 79553.00 |
| 7 | हिमाचल ग्रामीण बैंक ऊना | 88610100001591 | 74644.00 |
| 8 | काँगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक ऊना | 20013032439 | 351844.00 |
| 9 | काँगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक ऊना | 20013034833 | 125901.00 |
| 10 | काँगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक ऊना | 20013012231 | 8379841.00 |
| 11 | एक्सिस बैंक ऊना | 911010041611777 | 8910792.00 |
| 12 | केनरा बैंक ऊना | 89032210000050 | 148472.55 |
| 13 | एच. डी. एफ. सी. बैंक ऊना | 50100204549959 | 6725414.60 |
| 14 | एच. डी. एफ. सी. बैंक ऊना | 8571450000227 | 7009159.93 |
| 15 | एच. डी. एफ. सी. बैंक ऊना | 501003344719 | 88059.30 |
| 16 | बैंक ऑफ़ बड़ौदा ऊना | 312701000004869 | 5261985.00 |
| 17 | बैंक ऑफ़ बड़ौदा ऊना | 312701000005097 | 60568122.00 |
| 18 | यस० बैंक ऊना | 33094600000618 | 2852434.00 |
| 19 | यस० बैंक ऊना | 33094600000658 | 1193926.00 |
| 20 | यस० बैंक ऊना | 33088700000061 | 1176552.00 |
| 21 | यस० बैंक ऊना | 33094600000648 | 147113.00 |
| 22 | एक्सिस बैंक ऊना | 921010035786620 | 174.00 |
| 23 | आई०डी० बी० आई० ऊना | 703104000003346 | 0 |
| 24 | सरकारी कोष (Treasury) | 8448 PLA | 9534.00 |
| 25 | केनरा बैंक ऊना | 234005 (FDR) | 9191058.22 |
| 26 | ए. यू. स्माल फाइनेंसिंग बैंक ऊना | 2031238715255617/3 (FDR) | 2829668.00 |
| 27 | यस० बैंक ऊना | 033040400021846/1 (FDR) | 7500000.00 |
| 28 | यस० बैंक ऊना | 033040400021866/1 (FDR) | 18300000.00 |
| 29 | यस० बैंक ऊना | 033040400021856/1 (FDR) | 4286028.00 |
| | | **योग** | **159845947.99** |

## (ii) बैंक समाधान विवरणी (मुख्य रोकड़ बही) :-

दिनाँक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी निम्न प्रकार से है :-

**बैंक समाधान विवरणी (मुख्य रोकड़ बही)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **Balance as per Cash Book as on 31.03.2023** | | **160710700.99** |
| **Add:-** | **Cheque issued but not yet presented for payment upto 31.03.23** | (+) | **2002349.00** |
| **Add:-** | NEFT sent to bank CBI Una A/C No. 1420103692 on dated 02.08.22 of ₹68000 for Salary of Assitant Engineer only ₹25000 have been debited by the bank upto 31.03.23 | (+) | **43000.00** |
| **Less:-** | **Amount Deposited into bank but not credited by Bank upto 31.03.23** | (-) | **500000.00** |
| **Less:-** | **Cash in Hand** | (-) | **2013.00** |
| **Less:-** | Cheque sent to bank for collection of account number 1420103692 CBI Una on dated 27.06.2022 vide Cheque no. 005958 dated 23.6.22 on account of rent from Sh. Omkar dass but cheque was dishonoured due to non sufficient of fund. | (-) | **25000.00** |

Cheque issued but not yet presented for payment upto 31.03.23:

| Bank Name | Account No. | Date | Cheque No | Amount (₹) | Date of debit |
|---|---|---|---|---|---|
| CBI | 1420103692 | 31.03.2023 | 066195 | 8784 | 13.04.2023 |
| CBI | 1420103692 | 31.03.2023 | 066196 | 11888 | 13.04.2023 |
| Baroda bank | 31270100005097 | 31.03.2023 | 510054 | 14754 | 13.04.2023 |
| Baroda bank | 31270100004869 | 31.03.2023 | PFMS | 1870000 | 03.04.2023 |
| HDFC Bank | 50100203344719 | 31.03.2023 | 000003 | 4760 | 19.04.2023 |
| Axis bank | 911010041611777 | 31.03.2023 | 148963 | 71624 | 13.04.2023 |
| Axis bank | 911010041611777 | 31.03.2023 | 148964 | 13188 | 13.04.2023 |
| Axis bank | 911010041611777 | 31.03.2023 | 148965 | 5771 | 13.04.2023 |
| KCCB | 20013012231 | 31.03.2023 | 012093 | 1580 | 13.04.2023 |
| | | | **Total** | **2002349** | |

Amount Deposited into bank but not credited by Bank upto 31.03.23:

| Bank Name | Account No. | Dated | Cheque No | Amount (₹) | Date of Cr. |
|---|---|---|---|---|---|
| C.B.I. Una | 1420103692 | 31.03.2023 | 932405 | 500000 | 03.04.2023 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Less:- | Double G-8 issued for single income on account of House tax from vide G-8 No. 65/9 dated 31.03.22 (cheque no. 315441 dated 30.03.22) and another G-8 No. 84/9 dated 12.04.22 (cheque no. 315441 dated 30.03.22) from Smt Darshan Kaur W/o Ram Kishan Moh. Galua Ward No. 3 Una. | (-) | **55805.00** |
| Less:- | Cheque No. 727215 dated 31-02-2006 which was theft and FIR No. 502 dated 11/2006 has been registered as shown in previous Audit Report 4/19 to 3/21 vide para No. 4(क) not entered in cash book upto 31.03.23 | (-) | **75220.00** |
| Less:- | Amount deducted by EPF Department without intimation to Municipal Council Una vide account number 20013034833 K.C.C.B Una Dated 19.08.16 but not entered in cash book upto 31-03-2022 as shown in previous Audit Report 4/19 to 3/21 vide para No. 4(क) not entered in cash book upto 31.03.23 | (-) | **1564647.00** |
| Less:- | A payment of Rs. 161180/- to Tania International Co. Sanitation Contractor paid twicely by bank from Account no. 1420103692 on dated 12.05.2022 and 13.05.2022 and the excess debited amount is credited by bank on dated 14.06.23. | (-) | **161180.00** |
| Less:- | Bank wrongly debited Amount from account no. 1420103692 instead of account no. of security 142013992 on dated 14.07.2022 . Now recovered the amount from security cash account on dated 3.06.23. | (-) | **227575.00** |
| Less:- | Transferred the amount to RBI DEA on dated 30.03.22 vide Account Number 703104000003346 IDBI Una on dormant account without intimation to Municipal Council Una but not yet entered in cash book upto 31-03-2023. Now the same amount is credited by the bank on dated 19.05.23. | (-) | **298662.00** |
| | **Balance as per Pass Book as on 31.03.2023** | | **159845947.99** |

**(ख)** सरकारी कोष (Treasury) ऊना में खाता संख्या 8448 -PLA दिनाँक 31-03-2021 को ₹9534/- शेष राशि दर्शाई गई है परन्तु उक्त खाते का दिनाँक 31-03-2023 को अन्तिम शेष का प्रमाण पत्र आवश्यक जांच हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः उक्त खाते के अन्तिम शेष के प्रमाण पत्र की अंकेक्षण में सत्यापना हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(ग) (i)** अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनाँक 23.06.23 को जी-8 संख्या 13/18 के अंतर्गत श्री ओंकार दास श्री बिहारी लाल गांव नंगल कलां से दुकान संख्या -1 अरविन्द मार्ग से दुकान किराया व अदत्त किराया के रूप में ₹21186 व वस्तु एवं सेवा कर के रूप में ₹3814 कुल ₹25000 की वसूली चैक संख्या 005958 दिनाँक 23.06.22 के अंतर्गत की गई दर्शाई गई थी। लेकिन सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया ऊना के खाता संख्या 1420103692 में दिनाँक 27.06.22 को उक्त व्यक्ति के खाते में अपर्याप्त निधि (Insufficient fund) दर्शाकर उक्त चैक का क्रेडिट नहीं दिया गया। नगर परिषद द्वारा उक्त राशि की वसूली हेतु कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। अतः उक्त राशि की वसूली हेतु कार्रवाई न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व उक्त राशि की वसूली अविलम्ब की जानी सुनिश्चित की जाए। यद्यपि उक्त जी-8 को किराया रजिस्टर के पेज संख्या- 29 में उक्त

किरायेदार के खाते में भी दर्ज कर दिया गया है। अतः वास्तविक रूप में राशि प्राप्त किये बिना किराया रजिस्टर में प्रविष्टि करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व उक्त प्रविष्टि की शुद्धि की जानी सुनिश्चित की जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(ii)** अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि श्रीमती दर्शन कौर पत्नी श्री राम किशन गलुआ वार्ड संख्या – 3 ऊना से गृहकर के रूप में जी-8 संख्या 65/9 दिनाँक 31.03.2022 को चैक संख्या 315441 के अंतर्गत ₹55805 की राशि रोकड़ बही के आय पक्ष में दर्ज की गई थी व पुनः जी-8 संख्या 84/9 दिनाँक 12.04.2022 को चैक संख्या 315441 के अंतर्गत ₹55805 की आय को रोकड़ बही में दर्ज किया गया था। फलस्वरूप एक चैक के माध्यम से प्राप्त आय की दो बार रसीदें जारी करके रोकड़ बही में इन्द्राज किया गया था। अतः एक ही आय हेतु दो रसीदें जारी करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए। इसके अतिरिक्त जी-8 संख्या 65/9 दिनाँक 31.03.2022 में उल्लेखित चैक संख्या में भी कटिंग की गई थी व उक्त कटिंग को किसी भी अधिकारी / कर्मचारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया है। जिस कारण यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि वास्तव में एक ही चैक प्राप्त किया गया था। अतः उक्त गृहकरदाता से उक्त राशि प्रदान करने से सम्बन्धित शपथ पत्र प्राप्त किया जाए कि उक्त गृहकरदाता द्वारा वास्तव में एक बार ही गृहकर का भुगतान किया गया है व कृत कार्रवाई से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 5.2 राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन. यू. एल. एम.):-

नगर परिषद ऊना की अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन. यू. एल. एम.) की वित्तीय स्थिति व दिनाँक 31.03.2023 को बैंक के अनुसार अन्तिम शेष का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है :-

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|
| **आरम्भिक शेष (₹)** | **1346077.20** | **20886.20** |
| आय (₹) | 5169000.00 | 7601517.00 |
| ब्याज (₹) | 44942.00 | 449.00 |
| **कुल योग (₹)** | **6560019.20** | **7622852.2** |
| व्यय (₹) | 675767.00 | 7608211.00 |
| हस्तांतरित राशि (₹) | 5863366.00 | 0 |
| **अंतिम शेष (₹)** | **20886.20** | **14641.20** |

**अन्तिम शेष का विवरण :-** दिनाँक 31.03.23 को सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया ऊना के खाता संख्या 3480981130 में जमा शेष राशि = ₹14641.20

### 5.3 शहरी आजीविका केंद्र (City Livelihood Centre ) सी० एल० सी० :-

नगर परिषद ऊना की अवधि 1.04.2021 से 31.03.2023 को शहरी आजीविका केंद्र (City Livelihood Centre ) सी० एल० सी० की वित्तीय स्थिति व दिनाँक 31.03.2023 को बैंक के अनुसार अन्तिम शेष का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है।

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|
| **आरम्भिक शेष (₹)** | **182659.60** | **90173.80** |
| आय (₹) | 0 | 196893.00 |
| ब्याज (₹) | 4288.00 | 1415.00 |
| **कुल योग (₹)** | **186947.60** | **288481.8** |
| व्यय (₹) | 96773.80 | 250208.39 |
| **अंतिम शेष (₹)** | **90173.80** | **38273.41** |

**अन्तिम शेष का विवरण :-** दिनाँक 31.03.23 को पंजाब नेशनल बैंक ऊना के खाता संख्या 9810000100010008 में जमा शेष राशि = ₹38273.41

### 5.4 प्रधान मंत्री आवास योजना/ हाउस फॉर ऑल (PMAY/HFA) :-

नगर परिषद ऊना की अवधि 1.04.2021 से 31.03.2023 को प्रधान मंत्री आवास योजना/ हाउस फॉर ऑल (PMAY/HFA) की वित्तीय स्थिति व दिनाँक 31.03.2023 को बैंक के अनुसार अन्तिम शेष का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है।

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|
| **आरम्भिक शेष (₹)** | **4606799.00** | **737064.00** |
| आय (₹) | 11324422.00 | 12125928.00 |
| ब्याज (₹) | 130695.00 | 12978.05 |
| **कुल योग (₹)** | **16061916.00** | **12875970.05** |
| व्यय (₹) | 15324852.00 | 12111431.05 |
| **अंतिम शेष (₹)** | **737064.00** | **764539.00** |

**अन्तिम शेष का विवरण :-**

| | |
|---|---|
| दिनाँक 31.03.23 को केनरा बैंक ऊना के खाता संख्या 2066101050007 में जमा शेष राशि | 765202 |
| दिनाँक 31.03.23 को यू. को. बैंक ऊना के एस. एन. ए. खाता संख्या 18230110057735 में डेबिट शेष राशि | -663 |
| **कुल योग** | **₹764539.00** |

## 5.5 सी. सी० वी० पी० :-

नगर परिषद ऊना की अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 को सी० सी० वी० पी० की वित्तीय स्थिति व दिनाँक 31.03.2023 को बैंक के अनुसार अन्तिम शेष का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है।

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|
| **आरम्भिक शेष (₹)** | **900507.00** | **926933** |
| आय (₹) | 0 | 0 |
| ब्याज (₹) | 26426.00 | 26949.00 |
| **कुल योग (₹)** | **926933** | **953882** |
| व्यय (₹) | 0 | 0 |
| हस्तांतरित राशि (₹) | 0 | 0 |
| **अंतिम शेष (₹)** | **926933** | **953882** |

**अन्तिम शेष का विवरण** :- दिनाँक 31.03.23 को सेंट्रल बैंक ऑफ़ ऊना के खाता संख्या 3470434429 में जमा शेष राशि = ₹953882

### 5.6 प्रतिभूति निधि:-

नगर परिषद ऊना की अवधि 1.04.2021 से 31.03.2023 को प्रतिभूति निधि की वित्तीय स्थिति व दिनाँक 31.03.2023 को बैंक के अनुसार अन्तिम शेष का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है :-

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|
| **आरम्भिक शेष (₹)** | **4733004.20** | **2535183.20** |
| आय (₹) | 1108101.00 | 3600201.00 |
| ब्याज (₹) | 96763.00 | 92985.00 |
| **कुल योग (₹)** | **5937868.20** | **6228369.20** |
| व्यय (₹) | 3402685.00 | 2936059.70 |
| **अंतिम शेष (₹)** | **2535183.20** | **3292309.50** |

**अन्तिम शेष का विवरण** :- दिनाँक 31.03.23 को सेंट्रल बैंक ऑफ़ ऊना के खाता संख्या 1420139981 में जमा शेष राशि = ₹3480244.50

(i) **बैंक समाधान विवरणी :-**

| | | |
|---|---|---|
| **दिनाँक 31-03-2023 रोकड़ बही के अनुसार अन्तिम शेष :-** | | 3292309.50 |
| **जमा (+)** | दिनाँक 14.07.2022 को श्री गगन कुमार, संविदाकार को आर. टी. जी. एस. के अंतर्गत भुगतान की गई राशि, जिसको मुख्य रोकड़ बही के खाता संख्या 1420103692 से डेबिट कर दिया गया। जिसका सुधार दिनाँक 03.06.23 को कर दिया गया है | 227575 |

| | | |
|---|---|---|
| **घटाव** (-) | दिनाँक 27-03-20 को रोकड़ बही के आय पक्ष में दर्ज आय चैक संख्या 716135 का प्रतिभूति निधि के खाते में क्रेडिट न होकर दिनाँक 27-03-20 को पेंशन एवं ग्रेच्युटी निधि खाता संख्या 1420139992 में गलत क्रडिट होना। जिसका सुधार दिनाँक 3.05.23 को कर दिया गया है | 39640 |
| **दिनाँक 31-03-23 को बैंक पास बुक के अनुसार अन्तिम शेष** | | **3480244.50** |

## 5.7 पेंशन एवं उपदान निधि :-

**(I)** नगर परिषद ऊना की अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 को पेंशन एवं उपदान निधि की वित्तीय स्थिति व दिनाँक 31.03.2023 को बैंक के अनुसार अन्तिम शेष का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है:-

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|
| **आरम्भिक शेष (₹)** | **31771.35** | **1188721.35** |
| आय (₹) | 9976884.00 | 6887682.00 |
| ब्याज (₹) | 22297.00 | 26625.00 |
| **कुल योग (₹)** | **10030952.35** | **8103028.35** |
| व्यय (₹) | 8842231.00 | 8129893.00 |
| **अंतिम शेष (₹)** | **1188721.35** | **-26864.65** |

**अन्तिम शेष का विवरण :-** दिनाँक 31.03.23 को सेंट्रल बैंक ऑफ़ ऊना के खाता संख्या 1420139992 में जमा शेष राशि = ₹12775.35

**(i) बैंक समाधान विवरणी :-**

| | | |
|---|---|---|
| **दिनाँक 31-03-2023 रोकड़ बही के अनुसार अन्तिम शेष :-** | | -26864.65 |
| **जमा** (-) | दिनाँक 27-03-20 को रोकड़ बही के आय पक्ष में दर्ज आय चैक संख्या 716135 का प्रतिभूति निधि के खाते में क्रेडिट न होकर दिनाँक | 39640 |

| | | |
|---|---|---|
| | 27.03.20 को पेंशन एवं ग्रेच्युटी निधि खाता संख्या 1420139992 में गलत क्रडिट होना । जिसका सुधार दिनाँक 3.05.23 को कर दिया गया है | |
| **दिनाँक 31-03-23 को बैंक पास बुक के अनुसार अन्तिम शेष** | | **₹12775.35** |

**5.7 (II) पेंशन एवं उपदान निधि में माह 9/21 व 10/21 में 46 लाख व घाटे के रूप में ₹90 लाख कुल 1 करोड़ ₹36 लाख हस्तांतरण करने बारे**

पेंशन एवं उपदान निधि की वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 की वित्तीय स्थिति के अवलोकन पर पाया गया कि माह 9/21 में 11 लाख व माह 10/21 में 35 लाख कुल 46 लाख रूपए हस्तांतरित किया गया है । इसके अतिरिक्त पेंशन व उपदान निधि में घाटे के रूप में माह 4/21 से 8/21, 1/22 से 10/22, 1/23 से 3/23 तक 18 माह हेतु 5 लाख प्रतिमाह की दर से 90 लाख कुल 1 करोड़ 36 लाख रूपए हस्तांतरित किये गये हैं । इस संदर्भ में निम्नलिखित सूचनाएं अंकेक्षण को प्रदान की जानी सुनिश्चित की जाए।

| क्रम संख्या | माह | वाउचर संख्या | दिनाँक | राशि | अनुदान शीर्ष जहाँ से राशि हस्तांतरित की गई है |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

उक्त सूचना प्रदान करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 265 दिनाँक 07.06.23 व अनुस्मारक संख्या -9 दिनाँक 5.01.24 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। लेकिन अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त अधियाचना का कोई भी प्रतियुत्तर नहीं दिया गया व न ही उक्त सूचना अंकेक्षण को प्रदान की गई । अतः उक्त सूचना अंकेक्षण को प्रदान न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व वांछित सूचना आगामी अंकेक्षण को प्रदान की जानी सुनिश्चित की जाए ।

**5.7 (III) GPF/CPF के व्यक्तिगत खातों का रख-रखाव न करना :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद ऊना द्वारा अवधि 04/2021 से 3/2023 तक GPF/CPF व्यक्तिगत खातों का रख-रखाव नहीं किया गया है । जिसके फलस्वरूप कर्मचारियों के वेतन से काटे गए GPF/CPF अंशदान की कर्मचारी वार पुष्टि नहीं की जा सकती । यह एक अत्यन्त गम्भीर अनियमितता है। उक्त अनियमितता का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 221 दिनाँक 20.05.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि GPF/CPF के व्यक्तिगत खातों का रख-रखाव करके आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। अतः उक्त व्यक्तिगत खातों का रख रखाव न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा यथाशीघ्र GPF/CPF व्यक्तिगत खातों का रख- रखाव करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

6 **नगर परिषद ऊना के गत तीन वर्षों की आय व्यय का विवरण:-**

नगर परिषद ऊना के गत तीन वर्षों की आय- व्यय का विवरण निम्नानुसार है:-

| वित्तीय वर्ष | आय (₹) | व्यय (₹) |
|---|---|---|
| 2020-21 | 126853070.50 | 103699849.73 |
| 2021-22 | 122637887.70 | 111398421.09 |
| 2022-23 | 150923253.57 | 128658540.67 |

7 **निवेश :-**

**1)** नगर परिषद ऊना द्वारा मुख्य रोकड़ बही से सावधि जमा योजना में निवेशित राशि का दिनाँक 31.03.23 को विवरण निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट – 'ख-1'** में भी दिया गया है।

| **क्रम संख्या** | **रोकड़ बही** | **कुल निवेशित राशि (₹)** |
|---|---|---|
| 1 | **मुख्य रोकड़ बही** | **42106754.22** |

विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | सावधिक निवेश संख्या / बैंक का नाम | निवेश की तिथि | निवेशित राशि (₹) | परिपकता तिथि | परिपकता राशि (₹) | ब्याज दर | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 234005/ कैनरा बैंक ऊना | 18.06.2022 | 9191058.22 | 18.06.2023 | 9687952.22 | 5.30% | 12 माह |
| 2 | 2031238715255617/3/ | 12.12.2022 | 2829668.00 | 13.12.2023 | 3044065.00 | 7.35% | 12 माह दिन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ए. यू. स्माल फाइनेंसिंग बैंक ऊना | | | | | | |
| 3 | 0330404000218 66/1/ यस० बैंक लिमिटेड ऊना | 12.01.2023 | 18300000.00 | 12.07.2025 | 22029055.00 | 7.50% | 30 माह |
| 4 | 0330404000218 56/1 यस० बैंक लिमिटेड ऊना | 12.01.2023 | 4286028.00 | 12.07.2025 | 5159407.00 | 7.50% | 30 माह |
| 5 | 0330404000218 46/1/ यस० बैंक लिमिटेड ऊना | 12.01.2023 | 7500000.00 | 12.07.2025 | 9028302.00 | 7.50% | 30 माह |
| | | **योग** | **42106754.22** | | | | |

अतः उक्त सावधि जमा राशि को परिपकता तिथि को भुनाया या पुनः निवेश करना सुनिश्चित किया जाए।

**2) सावधिक ब्याज के रूप में सम्भावित ₹2.59 लाख की हानि :-**

**(i) सावधिक ब्याज के रूप में हानि ₹56733 :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान नगर परिषद द्वारा दिनाँक 18-06-2021 को कैनरा बैंक ऊना में सावधिक निवेश के अन्तर्गत ₹8728262.22 की राशि एक वर्ष की अवधि के लिए 5.20% वार्षिक दर पर निवेशित की थी। जबकि दिनाँक 11.12.21 को ए. यू. स्माल फाइनेंस बैंक ऊना में सावधिक निवेश के अन्तर्गत ₹2669584 की राशि एक वर्ष की अवधि हेतु 5.85% वार्षिक दर पर निवेशित की थी। फलस्वरूप ए० यू० स्माल फाइनेंस बैंक ऊना की दरों की तुलना में कैनरा बैंक ऊना में कम दरों पर सावधिक निवेश के अन्तर्गत राशियाँ निवेशित करने के कारण नगर परिषद को सम्भवतः सावधि ब्याज के रूप में ₹56733.70 (8728262.22 x 0.65% (5.85-5.20)) की हानि हुई है। उक्त सावधिक ब्याज के रूप में हुई हानि का प्रकरण अंकेक्षण

अधियाचना संख्या 230 दिनाँक 20.05.2023, अंकेक्षण अधियाचना संख्या 305 दिनाँक 27.12.2023 व अनुस्मारक संख्या -9 दिनाँक 05.01.2024 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। लेकिन अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त अधियाचना का कोई भी प्रतियुत्तर नहीं दिया गया। अतः सावधिक निवेश के अन्तर्गत राशियाँ निवेशित करते समय बैंकों की दरों से तुलना न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व कम दर पर सावधिक निवेश के अन्तर्गत राशियाँ निवेशित करने के कारण नगर परिषद को सावधिक ब्याज के रूप में हुई हानि का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

(ii) **सावधिक ब्याज के रूप में ₹2.02 लाख की वित्तीय हानि**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान नगर परिषद द्वारा दिनाँक 18.06.2022 को कैनरा बैंक ऊना में सावधिक निवेश के अन्तर्गत ₹9191058.22 की राशि एक वर्ष की अवधि के लिए 5.30% वार्षिक दर पर निवेशित की है। जबकि दिनाँक 12.01.23 को यस बैंक लिमिटेड ऊना में सावधिक निवेश के अन्तर्गत ₹4286028 की राशि एक वर्ष की अवधि हेतु 7.50% वार्षिक दर पर निवेशित की थी। फलस्वरूप यस बैंक लिमिटेड ऊना की दरों की तुलना में कैनरा बैंक ऊना में कम दरों पर सावधिक निवेश के अन्तर्गत राशियाँ निवेशित करने के कारण नगर परिषद को सावधि ब्याज के रूप में ₹202203 (9191058.22 x 2.20% (7.50-5.30)) की हानि हुई है। उक्त सावधिक ब्याज के रूप में हुई हानि का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 286 दिनाँक 01.12.2023 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि भविष्य में अंकेक्षण के सुझाव अनुसार सावधिक निवेश करवाने में ध्यान रखा जाएगा व सावधिक निवेश में सभी बैंकों की दरों की तुलना करके ही निवेश किया जाएगा। अतः प्रतियुत्तर अनुसार सावधिक निवेश के अन्तर्गत राशियाँ निवेशित करते समय बैंकों की दरों से तुलना उपरांत अधिकतम दर पर निवेश किया जाना सुनिश्चित किया जाए व कम दर पर सावधिक निवेश के अन्तर्गत राशियाँ निवेशित करने के कारण नगर परिषद को सावधिक ब्याज के रूप में हुई हानि का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

### (iii) वसूली योग्य परिपक्वता राशि की जगह कम राशि दर्ज करना :-

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान यस० बैंक ऊना में सावधिक निवेश के अंतर्गत निवेशित राशि की परिपक्वता तिथि को वसूली योग्य राशि ₹36227726 से कम राशि ₹36216764 दर्शाने के कारण राशि ₹10962 कम दर्शाई गई थी। अतः सावधिक निवेश के अंतर्गत निवेशित राशि की परिपक्वता तिथि को वसूली योग्य राशि से कम राशि दर्ज करने का मामला सम्बन्धित बैंक से उठाया जाए व वसूली योग्य देय सावधिक ब्याज को सम्बन्धित बैंक से वसूला जाना सुनिश्चित किया जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| क्र. सं. | सावधिक निवेश संख्या / बैंक का नाम | निवेश की तिथि | निवेशित राशि (₹) | परिपक्वता तिथि | ब्याज दर | अवधि | देय परिपक्वता राशि (₹) | दर्शाई गई परिपक्वता राशि (₹) | अन्तर (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 033040400021866/1/ यस० बैंक लिमिटेड ऊना | 12.01. 23 | 18300000 | 12.07. 25 | 7.50% | 30 माह | 22035723 | 22029055 | 6668 |
| 2 | 033040400021856/1 यस० बैंक लिमिटेड ऊना | 12.01. 23 | 4286028 | 12.07. 25 | 7.50% | 30 माह | 5160969 | 5159407 | 1562 |
| 3 | 033040400021846/1/ यस० बैंक लिमिटेड ऊना | 12.01. 23 | 7500000 | 12.07. 25 | 7.50% | 30 माह | 9031034 | 9028302 | 2732 |
| | | योग | **30086028** | | | | **36227726** | **36216764** | **10962** |

### 8.1 अनुदान:-

नगर परिषद ऊना द्वारा अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट "ग"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अंकेक्षणाधीन अवधि 01-04-2021 से 31-03-2023 तक अनुदानों की वित्तीय स्थिति निम्नानुसार है:-

#### (i) मुख्य रोकड़ बही :-

| वित्तीय वर्ष | आरम्भिक शेष (₹) | अनुदान राशि (₹) | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | हस्तांतरित राशि (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2021-22** | 55282303.00 | 72602749.00 | 127885052.00 | 63864242.40 | 1294040.00 | 62726769.60 |
| **2022-23** | 62726769.60 | 94378330.00 | 157105099.60 | 61029575.00 | 3100000.00 | 92975524.60 |

(ii) अन्य रोकड़ बहियाँ:-

| वित्तीय वर्ष | आरम्भिक शेष (₹) | अनुदान राशि (₹) | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | हस्तांतरित राशि (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 7036042.80 | 16699773.00 | 23735815.80 | 16097392.80 | 5863366.00 | 1775057.00 |
| 2022-23 | 1775057.00 | 19966129.05 | 21741186.05 | 19969850.44 | 0.00 | 1771335.61 |

**(iii) दिनाँक 31.03.2023 को अनुदान राशि ₹947.46 लाख व्यय हेतु शेष:-**

नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट (ग)** पर उपलब्ध करवाई गई अनुदानों की विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त अनुदान राशि में से दिनाँक 31.03.23 को राशि ₹94746860.21 (92975524.60+1771335.61) व्यय हेतु शेष थी। जबकि अनुदानों से सम्बन्धित स्वीकृत पत्रों के अनुसार यह राशियाँ आमतौर पर एक अथवा दो वर्ष के भीतर उपयोग की जानी अपेक्षित होती है। अतः अनुपयोग अनुदान राशियों को समयबद्ध उपयोग न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए इन्हें सक्षम अधिकारी से समयावधि में बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण सम्बन्धित विभाग को किया जाये एवं अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(iv) अनुदानों के व्यय से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत न करना ₹1609.61 लाख:-**

अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना **परिशिष्ट - (ग)** के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान सामान्य रोकड़ बही व अन्य रोकड़ बहियों से अनुदानों के रूप में वितीय वर्ष 2021-22 में ₹79961635.20 (63864242.40 +16097392.80) व 2022-23 में ₹80999425.44 (61029575.00+ 19969850.44) कुल ₹160961060.64 का व्यय किया गया दर्शाया गया था। लेकिन अनुदान की राशि जिन-जिन उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु नगर परिषद द्वारा व्यय की गई थी कि सत्यापना अंकेक्षण के दौरान सम्भव न हो सकी, क्योंकि नगर परिषद द्वारा न तो अनुदान रजिस्टर को व न ही अनुदानों के व्यय से सम्बन्धित जारी किए गए उपयोगिता प्रमाण पत्रों को सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया। उक्त अनुदानों से व्यय की गई राशि से सम्बन्धित

उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या- 226 दिनाँक 20.05.23 व अनुस्मारक संख्या -9 दिनाँक 05.01.2024 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। लेकिन अंकेक्षण से सम्बन्धित उक्त अधियाचना का कोई भी प्रतियुत्तर नहीं दिया गया। अत: अंकेक्षण अवधि के दौरान प्रत्येक अनुदान राशि के व्यय से सम्बन्धित सम्पूर्ण ब्यौरा जैसे कि माह / दिनाँक, बिल / वाऊचर इत्यादि से संबन्धित विवरण अनुदान रजिस्टर में दर्ज किए जाएं व सम्पूर्ण अभिलेख जारी किए गए उपयोगिता प्रमाण पत्रों सहित सत्यापना हेतु अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8.2 अंकेक्षण अवधि से पूर्व शेष बची अनुदान राशि के उपयोग करने से सम्बन्धित विवरण प्रदान न करना:-**

अंकेक्षण दल को अनुदानों की प्रदान की गई विवरणी के अनुसार दिनाँक 1.04.21 को आरंभिक शेष के रूप में ₹55282303 व्यय हेतु शेष थी। उक्त राशि में से वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान कितनी राशि व्यय की गई है व दिनाँक 31.03.22 को कितनी राशि व्यय हेतु शेष है, का विवरण निम्नलिखित प्रपत्र पर प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| Sr. No. | Sanctioning Authority | Amount Sanctioned | Year of Sanction | Purpose | Utilization Period | Unutilized amount till 03.03.23 | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

उक्त सूचना प्रदान करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 225 दिनाँक 20.05.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। लेकिन अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त अधियाचना का कोई भी प्रतियुत्तर नहीं दिया गया व न ही उक्त सूचना अंकेक्षण को प्रदान की गई। अतः उक्त सूचना अंकेक्षण को प्रदान न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व वांछित सूचना अंकेक्षण को प्रदान की जानी सुनिश्चित की जाए।

9 आय:-

नगर परिषद ऊना की विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आय के सम्बन्ध में निम्न अनियमितताएं पाई गईं, जिन्हें निम्न विवरण अनुसार वर्णित किया गया है :-

**1 (i) गृहकर का बकाया ₹52.88 लाख वसूली हेतु शेष :-**

हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 के प्रावधानानुसार यदि कोई राशि / टैक्स म्युनिसिपल शुल्क इत्यादि के रूप में देय हो व देय तिथि के 15 दिन बाद भी अदत्त रहता है, तो सम्बन्धित नगर परिषद/ नगर पंचायत लिखित में सम्बन्धित फर्म, संस्था अथवा व्यक्ति को विहित प्रपत्र पर नोटिस जारी करेगा। नियम 258 के उपनियम (2) व (3) के अनुसार यदि सम्बन्धित फर्म, संस्था अथवा व्यक्ति नोटिस जारी होने के 15 दिन के भीतर भी नगर परिषद/ नगर पंचायत / नगर निगम को देयकर का भुगतान नहीं करता है, तो सम्बन्धित सचिव देय कर राशि खर्चों व लागत सहित वसूलने हेतु निर्धारित एवं विहित प्रपत्र पर सम्बन्धित फर्म, संस्था अथवा व्यक्ति को वारंट जारी करेगा तथा वारंट जारी करने के बावजूद भी भुगतान न करने की स्थिति में सम्पूर्ण प्रकरण जिला समाहर्ता को वसूली हेतु प्रेषित करना अपेक्षित था। परन्तु अंकेक्षण में पाया गया कि नगर परिषद ऊना की दिनाँक 31.03.23 तक ₹5287674 की राशि गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष थी। जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट –'घ'** पर दिया गया है। नगर परिषद द्वारा इस संदर्भ में कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। गृहकर की वसूली न करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या – 290 दिनाँक 07.12.2023 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि गृहकर की वसूली हेतु शेष राशि की वसूली शीघ्र कर ली जाएगी। अतः प्रतियुत्तर अनुसार गृहकर की वसूली हेतु नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**गृहकर की बकाया राशि का विवरण :-**

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | देय (₹) | योग (₹) | वसूली गई राशि (₹) | छूट (₹) | वसूली हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 4317351 | 3925221 | 8242572 | 3151437 | 628636 | 4462499 |
| 2022-23 | 4462499 | 3881270 | 8343769 | 2473694 | 582401 | 5287674 |

**(ii) गृहकर राशि ₹21411 का सम्भावित दुरूपयोग/गबन :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि माह 3/23 के दौरान गृहकर के रूप में जी -8 संख्या 1/ 58 से 100/ 58 तक 100 रसीदों के अंतर्गत निम्नविवरणानुसार ₹293275 की वसूली की गई थी। लेकिन उक्त वसूली गई राशि से ₹271864 रोकड़ बही में दर्ज करके ₹21411 का दुरूपयोग किया गया था।

| क्रम संख्या | जी-8 संख्या | दिनाँक | वसूली गई राशि (₹) | रोकड़ बही में दर्ज की गई राशि (₹) | दुरूपयोग की गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1/58 to 52/58 | 29.03.23 | 113815 | 271864 | 21411 |
| 2 | 53/58 to 77/58 | 31.03.23 | 40804 | | |
| 3 | 78/58 | Cancelled | 0 | | |
| 4 | 79/58 to 86/58 | 31.03.23 | 4746 | | |
| 5 | 87/58 | Cancelled | 0 | | |
| 6 | 88/58 to 100/58 | 31.03.23 | 133910 | | |
| | | **योग** | **293275** | **271864** | **21411** |

उक्त दुरूपयोग की गई राशि का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 272 दिनाँक 09.06.23, अंकेक्षण अधियाचना संख्या 305 दिनाँक 27.12.2023 व अनुस्मारक संख्या -9 दिनाँक 05.01.2024 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। लेकिन अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त अधियाचना का कोई भी प्रतियुत्तर नहीं दिया गया। अतः वसूली गई राशि से कम राशि जमा करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा उक्त दुरूपयोग की गई राशि की वसूली सम्बन्धित उत्तरदायी अधिकारी/कर्मचारी/उचित स्त्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(iii) गृहकर राशि ₹69250 का संभावित दुरूपयोग :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि जी -8 संख्या 12/57 दिनाँक 27.03.23 की कार्बन कॉपी के अंतर्गत श्रीमती उषा शर्मा पत्नी श्री कपिला देव, पुराना बस अड्डा ऊना से गृहकर बकाया राशि ₹74390 मांग ₹4860 कुल ₹79250 की राशि को पेन से काट कर ₹10000 बनाकर वसूली की गई दर्शाई थी। लेकिन उक्त कटिंग को आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं करवाया गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त रसीद के अंतर्गत वसूली गई राशि ₹79250 में कटिंग करके ₹10000 बनाकर ₹69250 (79250-10000) का दुरूपयोग किया गया था। उक्त संभावित दुरूपयोग का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 271 दिनाँक 09.06.23, अंकेक्षण अधियाचना संख्या 305 दिनाँक 27.12.2023 व अनुस्मारक संख्या -9 दिनाँक 05.01.2024 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। लेकिन अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त अधियाचना का कोई भी प्रतियुत्तर नहीं दिया गया। अतः गृहकर के रूप में वसूली गई राशि में कटिंग को आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा सत्यापित न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व सम्बन्धित गृहकरदाता से नगर परिषद में जी -8 संख्या 12/57 दिनाँक 27.03.23 के अंतर्गत वास्तव में जमा करवाई गई राशि से सम्बन्धित शपथ पत्र प्राप्त करके पूर्ण जांच उपरांत यह सुनिश्चित किया जाए कि उक्त रसीद के अंतर्गत वास्तव में कितनी राशि वसूली गई है तथा किसी भी दुरूपयोग की अवस्था में सम्पूर्ण राशि की वसूली सम्बन्धित उत्तरदायी अधिकारी/कर्मचारी से ब्याज व दण्ड ब्याज सहित की जानी सुनिश्चित की जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(iv)** अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि विभिन्न गृहकर रजिस्टरों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान दिनाँक 31.03.2023 को गृहकरदाताओं के वसूली हेतु शेष राशि का विवरण उल्लेखित नहीं किया गया था व न ही पेज अनुसार योग दर्ज किए गये थे। अतः विभिन्न गृहकर रजिस्टरों में दिनाँक 31.03.2023 को गृहकरदाताओं के वसूली हेतु शेष राशि का विवरण व पेज अनुसार योग उल्लेखित न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व वांछित अभिलेख तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9.2 (i) दुकानों के किराये की बकाया राशि ₹70.78 लाख वसूली हेतु शेष :-**

नगर परिषद द्वारा अपने परिधि क्षेत्र में निर्मित विभिन्न दुकानों / स्टालों / प्लाटों / खोखों इत्यादि का निर्माण किया गया था तथा उन्हें किराये/पट्टे पर आबंटित किया गया था जिससे प्राप्त किराया परिषद की आय का मुख्य स्रोत है। नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट " ङ"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनाँक 31.03.2023 को किराये की बकाया राशि ₹7078498 वसूली हेतु शेष थी, जोकि गम्भीर चिन्ता का विषय है क्योंकि निदेशक, शहरी विकास विभाग के पत्र संख्या यू. एल. बी. एच. ए. (7) - 1/87-9237/9284 दिनाँक 20.06.01 के द्वारा करों इत्यादि की शत प्रतिशत वसूली को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये गए थे। परन्तु नगर परिषद द्वारा इस सम्बंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाये गए थे, जिसके कारण किराए की वसूली हेतु शेष राशि वर्ष दर वर्ष बढ़ती जा रही थी। उक्त वसूली हेतु शेष राशि का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या – 290 दिनाँक 07.12.2023 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि दुकानों की वसूली हेतु शेष राशि की वसूली शीघ्र कर ली जाएगी। अतः दिए प्रतियुत्तर अनुसार बकाया राशि की वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**दुकान किराया की बकाया राशि का विवरण :-**

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | देय (₹) | योग (₹) | वसूली गई राशि (₹) | अग्रिम के विरुद्ध समायोजित किराया (₹) | अग्रिम के विरुद्ध समायोजित किराया जिसको गत वर्ष में समायोजित नहीं किया गया (₹) | वसूली हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 7433397 | 5337770 | 12771167 | 4537995 | 492800 | 466496 | 7273876 |
| 2022-23 | 7273876 | 5317916 | 12591792 | 5317078 | 196216 | 0 | 7078498 |

**(ii) दुकान किराया अग्रिम के समायोजन से सम्बन्धित अभिलेख तैयार न करना :-**

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना द्वारा अंकेक्षण को प्रदान की गई सूचना के अनुसार निम्नलिखित विवरणानुसार दुकान किराया अग्रिम के रूप में वित्तीय वर्ष 2021-22 में ₹492800, 2022-23 में ₹196216 व गत वित्तीय वर्ष 2020-21 का ₹466496 जिसका लेखांकन गत वर्ष में नहीं किया गया था कुल ₹1155512 समायोजित की गई दर्शाई थी। लेकिन उक्त दुकान

किराया के अग्रिम के समायोजन से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में सत्यापना हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। दुकान किराया संग्रहरण कर्मचारी द्वारा मौखिक तौर पर अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि दुकान किराया के अग्रिम के समायोजन से सम्बन्धित अभिलेख तैयार नहीं किया गया था। उक्त अभिलेख तैयार न करने के फलस्वरूप वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान दुकान किराया अग्रिम के रूप में समायोजित दर्शाई गई राशि की सत्यापना वर्तमान अंकेक्षण के दौरान संभव न हो सकी। उक्त अभिलेख तैयार न करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या – 291 दिनाँक 7.12.2023 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि दुकान किराया अग्रिम समायोजन रजिस्टर शीघ्र अति शीघ्र तैयार कर लिया जाएगा। अतः प्रतियुत्तर अनुसार उक्त अभिलेख शीघ्र अति शीघ्र तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवया जाए।

| वित्तीय वर्ष | आरंभिक शेष (₹) | मांग (₹) | योग (₹) | वर्ष के दौरान वसूली गई राशि (₹) | अग्रिम किराये के विरुद्ध समायोजित राशि (₹) | अग्रिम किराये के विरुद्ध समायोजित राशि जिसका लेखांकन गत वर्ष में नहीं किया गया था (₹) | वसूली हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 7433397 | 5337770 | 12771167 | 4537995 | 492800 | 466496 | 7273876 |
| 2022-23 | 7273876 | 5317916 | 12591792 | 5317078 | 196216 | 0 | 7078498 |

**(iii) नगर परिषद ऊना द्वारा किराये पर दी गई दुकानों के दुकानदारों से अनुबंध न करना:-**

कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद ऊना द्वारा अंकेक्षण को **परिशिष्ट- 'ङ-1'** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनाँक 31.03.23 तक नगर परिषद ऊना द्वारा किराये पर दी गई दुकानों के दुकानदारों से अनुबंध नहीं किये गये थे। नगर परिषद द्वारा किराये पर दी गई दुकानों के दुकानदारों से अनुबंध न करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या -296 दिनाँक 8.12.2023 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि नगर परिषद द्वारा किराये पर दी गई दुकानों के दुकानदारों से अनुबंध किये जा रहे है। उत्तर संतोषजनक नहीं है। अतः नगर परिषद द्वारा किराये

पर दी गई सभी दुकानों के दुकानदारों से अनुबंध न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व सभी दुकानदारों से अनुबन्ध/यथासमय किये जाने सुनिश्चित किये जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(iv)** वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान दुकान किराया रजिस्टर में पेज अनुसार योग दर्ज नहीं किये गये थे। अतः दुकान किराया रजिस्टर में पेज अनुसार योग दर्ज न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व वांछित अभिलेख तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(v) दुकानों को किराये पर देने से सम्बन्धित सूचना प्रदान न करना :-**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अंकेक्षण दल को निम्नलिखित सूचनाएं अविलम्ब प्रदान की जानी सुनिश्चित की जाए।

(I) नगर परिषद ऊना की कुल कितनी दुकानें हैं

| क्रम संख्या | दुकान संख्या | दुकान जहाँ स्थित है | दुकानदार का नाम | जिस तिथि से किराये पर दी गई है | अनुबन्ध हुआ है अथवा नहीं |
|---|---|---|---|---|---|

(ii) अवधि 1.04.21 से 31.03.23 तक नगर परिषद की कितनी दुकानें खाली हैं।

| क्रम संख्या | दुकान संख्या | पुराना मासिक किराया | जिस अवधि के लिए दुकान खाली रहीं | जितने माह दुकान खाली रहीं |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

(iii) अवधि 1.04.21 से 31.03.23 तक नगर परिषद की कितनी दुकानों के नये अनुबंध किये गये।

| क्रम संख्या | दुकान संख्या | अनुबंध की तिथि | मासिक किराया | नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

उक्त सूचना प्रदान करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 209 दिनाँक 15.05.23 व अनुस्मारक संख्या – 9 दिनाँक 05.01.2024 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। लेकिन अंकेक्षण की समाप्ति तक उक्त अधियाचना का कोई भी प्रतियुत्तर नहीं दिया गया। अतः उक्त सूचनाएं प्रदान न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए।

**9.3 विभिन्न मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फीस के रूप में राशि ₹6.22 लाख वसूली हेतु शेष:-**

नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट-'च'** पर प्रस्तुत सूचना के अनुसार दिनाँक 31.03.2023 को विभिन्न मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फ़ीस के रूप में राशि ₹622000 वसूली हेतु शेष थे। उक्त वसूली हेतु शेष राशि का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या – 290 दिनाँक 7.12.2023 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि विभिन्न मोबाईल टावरों की नवीनीकरण फ़ीस की वसूली शीघ्र कर ली जाएगी। अतः वर्णित बकाया राशि को वसूल करने हेतु नियमानुसार तुरंत ठोस कार्रवाई अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**9.4 शराब उपकर की वसूली न करना:-**

अंकेक्षण को प्रदान की गई सूचना के अनुसार अवधि 1-12-2021 से 31-03-2023 तक के दौरान आबकारी एवं कराधान विभाग से नगर परिषद क्षेत्र में बेची गई शराब की बोतलों पर एक रूपये की दर से शराब उपकर की वसूली की जानी शेष थी। अतः इस बारे मामला सम्बन्धित विभाग से उठाया जाए तथा उक्त अवधि के लिए देय शराब उपकर की वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ii) शराब उप कर मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर तैयार न करना:-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद ऊना द्वारा स्वतः स्पष्ट शराब उप-कर मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव में यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि आबकारी एवं कराधान विभाग हिमाचल प्रदेश से वर्ष अनुसार शराब उपकर की कितनी राशि प्राप्त की जानी अपेक्षित थी, कितनी राशि प्राप्त की गई है व कितनी राशि मार्च 2023 तक लेनी शेष थी। अतः स्वतः स्पष्ट शराब उप कर मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर शीघ्र तैयार किया जाए व रजिस्टर में वर्ष अनुसार शराब उप कर की मांग एवं प्राप्ति का सम्पूर्ण विवरण दर्ज किया जाए व कृत कार्रवाई से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

9.5 (i) **विद्युत उपयोग कर की वसूली न करना:-**

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या एल० यस० जी० डी० (1) 9 / 94 दिनाँक 24-08-2000 के अनुसार नगर परिषद के क्षेत्र में बिजली की कुल खपत पर एक पैसा प्रति यूनिट की दर से विद्युत बोर्ड द्वारा नगर परिषद को भुगतान किये जाने का प्रावधान है। अंकेक्षण को प्रदान की गई सूचना के अनुसार अवधि 1-04-22 से 31-03-23 के लिए विद्युत उपकर कर की वसूली विद्युत विभाग से नहीं की गई थी| अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व सम्बन्धित विभाग से इस राशि की वसूली एवं सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख/ आंकड़े एकत्रित करके इस विभाग को अवगत करवाया जाए|

(ii) **विद्युत उप-कर मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर तैयार न करना :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद ऊना द्वारा स्वतः स्पष्ट विद्‌युत उप-कर मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव में यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड से वर्ष 2021-22 से 2022-23 तक विद्युत उप-कर के रूप में कितनी राशि हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड से प्राप्त की जानी अपेक्षित थी, कितनी राशि प्राप्त की गई है व कितनी राशि मार्च 2023 तक विद्‌युत बोर्ड से लेनी शेष थी। अतः स्वतः स्पष्ट विद्युत उप-कर मांग एवं प्रप्ति रजिस्टर शीघ्र तैयार किया जाए व रजिस्टर में वर्ष अनुसार विद्युत उप-कर की मांग एवं प्राप्ति का सम्पूर्ण विवरण दर्ज किया जाए। कृत कार्रवाई से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

9.6 (I) **घर-घर कूड़ा संग्रहण प्रभारो ₹22.40 लाख की वसूली न करना :-**

अंकेक्षण को प्रदान की गई सूचना के अनुसार दिनाँक 31.03.23 तक घर-घर कूड़ा संग्रहण प्रभारों के रूप में निम्नविवरणानुसार ₹2240210 की राशि वसूली हेतु शेष दर्शाई गई थी। जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट –छ** पर दिया गया है।

| वित्तीय वर्ष | आरम्भिक शेष(₹) | मांग(₹) | योग(₹) | वसूली गई राशि(₹) | वसूली हेतु शेष राशि(₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 0 | 351250x12= 4215000 | 4215000 | 2961280 | 1253720 |
| 2022-23 | 1253720 | 351250x12= 4215000 | 5468720 | 3228510 | 2240210 |

उक्त वसूली हेतु शेष राशि की वसूली न करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 290 दिनाँक 07.12.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि घर-घर कूड़ा संग्रहण प्रभारों की वसूली शीघ्र कर ली जाएगी। अतः दिनाँक 31.03.23 तक घर-घर कूड़ा संग्रहण प्रभारों के रूप में वसूली हेतु शेष राशि ₹2240210 की वसूली न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व दिए गये प्रतियुत्तर अनुसार उक्त राशि की वसूली शीघ्र अति शीघ्र की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(ii)** घर-घर कूड़ा संग्रहण प्रभारों की वसूली से सम्बन्धित रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था, कि किस व्यक्ति /फर्म से वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान कितनी राशि वसूली हेतु आरंभिक शेष, वित्तीय वर्षों के दौरान वसूली योग्य राशि, वित्तीय वर्षों के दौरान वसूली गई राशि व दिनाँक 31.03.23 को कितनी राशि वसूली हेतु शेष थी, के विवरण से सम्बन्धित अभिलेख तैयार नहीं किया गया था। जिसके अभाव में यह सत्यापित नहीं किया जा सका कि दिनाँक 31.03.23 को वसूली हेतु शेष दर्शाई गई राशि ₹2240210 किन- किन वसूलीदाताओं से वसूली जानी शेष थी। अतः उक्त अभिलेख तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व वांछित अभिलेख तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### 9.7 तहबाजारी के रूप में ₹10.26 लाख की कम वसूली :-

कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद ऊना द्वारा अंकेक्षण को तहबाजारी के रूप में प्रदान की गई सूचना के अनुसार 80 नंबर रेहड़ी फड़ी वालों से दिनाँक 31.03.23 को ₹431242 वसूली हेतु शेष दर्शाई गई थी, जबकि घर-घर कूड़ा संग्रहण प्रभार सूची में 150 नंबर रेहड़ी फड़ी वाले दर्शाए गये है, उक्त सूचना जोकि आपस में विरोधाभासी थी। अंकेक्षण को गलत सूचना प्रदान करने के कारण 70 (150-80) नंबर रेहड़ी फड़ी वाले कम दर्शाए गये थे। फलस्वरूप 150 नंबर रेहड़ी फड़ी वालों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान तहबाजारी के रूप में ₹1025962 वसूली हेतु शेष दर्शाई जानी अपेक्षित थी। जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है।

(i) अंकेक्षण को प्रदान की गई सूचना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान तहबाजारी के रूप 80 नंबर रेहड़ी फड़ी के रूप में वसूली हेतु शेष राशि का विवरण :-

| वित्तीय वर्ष | आरंभिक शेष (₹) | मांग (₹) | योग (₹) | वसूली गई राशि (₹) | वसूली हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 0 | 339840 (80x4248) | 339840 | 112760 | 227080 |
| 2022-23 | 227080 | 339840 (80x4248) | 566920 | 135678 | 431242 |

(ii) जबकि 150 नंबर रेहड़ी फड़ी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान तहबाजारी के रूप में दिनाँक 31.03.23 तक वसूली योग्य राशि का विवरण :-

| वित्तीय वर्ष | आरंभिक शेष (₹) | मांग (₹) | योग (₹) | वसूली गई राशि (₹) | वसूली हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 0 | 637200 (150x4248) | 637200 | 112760 | 524440 |
| 2022-23 | 524440 | 637200 (150x4248) | 1161640 | 135678 | 1025962 |

उक्त अनियमितताओं का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 295 दिनाँक 07.12.23 के अंतर्गत कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतिपुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि सूचना का विवरण एकत्र किया जा रहा है और सूचना में जो अन्तर आ रहा है उसको ठीक किया जाएगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है। अतः तहबाजारी के रूप में अंकेक्षण को गलत सूचना प्रदान करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व दिनाँक 31.03.2023 तक सभी रेहड़ी फड़ी वालों से तहबाजारी के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की वसूली शीघ्र अति शीघ्र की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**9.8 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि ₹0.75 लाख को राजकीय कोष में जमा न करवाना :-**

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या-WLF-A(3)1/97 दिनाँक 17.12.2004 द्वारा विवाह पंजीकरण नियम-2004 के तहत विवाह पंजीकरण फ़ीस के रूप में प्राप्त आय को राजकीय कोष में शीर्षक-0235-00-800-03 के अन्तर्गत जमा करवाया जाना अपेक्षित था। कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान क्रमशः ₹42200 व ₹33000 कुल ₹75200 की वसूली की गई थी। लेकिन उक्त वसूली गई राशि को नगर परिषद निधि खाते में ही

जमा रखा गया था, जोकि गम्भीर अनियमितता है। अतः नियमों के प्रतिकूल विवाह रजिस्ट्रेशन फ़ीस को नगर परिषद निधि खाते में जमा रखने का या तो औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा परिषद स्तर पर गणना करके अब तक प्राप्त विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि को राजकीय कोष में जमा करवाकर, अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**10 स्थापना व्यय से सम्बन्धित:-**

**1 गलत वेतन निर्धारण के कारण वेतन एवं भत्तों के रूप में ₹5.19 लाख का अधिक एवं अनियमित भुगतान :-**

नगर परिषद ऊना में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों की सेवापंजिकाओं एवं व्यक्तिगत नस्तियों के अवलोकन पर पाया गया कि नगर परिषद ऊना में कार्यरत कर्मचारियों का गलत वेतन निर्धारण किया गया था व गलत वेतन निर्धारण करने के कारण अवधि 01.01.22 से 31.03.23 तक उक्त कर्मचारियों को ₹518714/- का वेतन एवं भत्तों के रूप में अधिक एवं अनियमित भुगतान हुआ था। जिसका विवरण **परिशिष्ट "ठ"** पर उल्लेखित है। नगर परिषद में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन एवं भत्तों के रूप में किये गये अधिक एवं गलत भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 206 दिनाँक 15.05.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनांक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों के रूप में अधिक भुगतान की वसूली की जा रही है, वसूली पूर्ण करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। अतः दिए गये प्रत्युत्तर अनुसार उपरोक्त उल्लेखित कर्मचारियों के गलत वेतन निर्धारण को संशोधित करते हुए अवधि 01.01.22 से 31.03.23 तक किए गए अधिक एवं अनियमित भुगतान ₹518714/-की वसूली सम्बन्धित कर्मचारियों से की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**10.2 श्री सोम नाथ, लिपिक को धुलाई व वाहन भत्ते के रूप में ₹5600 अधिक एवं अनियमित भुगतान:-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनाँक 01.12.2020 को श्री सोम नाथ, चपड़ासी को लिपिक के पद पर पदोन्नत किया गया था। लेकिन उक्त कर्मचारी को धुलाई भत्ते के रूप में ₹150

प्रति माह व वाहन भत्ते के रूप में ₹50 प्रति माह की दर से अवधि 1.12.20 से 31.03.23 तक निम्नविवरणानुसार ₹5600 का भुगतान किया गया था। जोकि नियमानुसार देय नहीं था। फलस्वरूप श्री सोम नाथ, लिपिक को धुलाई व वाहन भत्ते के रूप में ₹5600 का अधिक एवं गलत भुगतान किया गया था :-

| क्रम संख्या | कर्मचारी का नाम व पदनाम | अवधि | धुलाई व वाहन भत्ते की दर | मासों की संख्या | अधिक एवं गलत भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सोम नाथ, लिपिक | 1.12.20 से 31.03.23 तक | ₹150 व ₹50 = ₹200 प्रति माह | 28 | 28x200= 5600 |

उक्त अधिक एवं गलत भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 256 दिनाँक 2.06.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि श्री सोम नाथ, लिपिक की वसूली करने के उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। अतः श्री सोम नाथ, लिपिक को धुलाई व वाहन भत्ते के रूप में ₹5600 के अधिक एवं गलत भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाए व दिए गये प्रतियुत्तर अनुसार अधिक एवं गलत भुगतान की वसूली सम्बन्धित कर्मचारी से की जानी सुनिश्चित की जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**10.3 स्थापना जांच रजिस्टर (E.C.R.) में दर्ज वेतन से वास्तविक वेत्तन अधिक देने के कारण ₹10190 का अधिक एवं अनियमित भुगतान**

अंकेक्षण हेतु चयनित माह 5/21 के अंतर्गत वेतन बिलों के अवलोकन पर पाया गया कि वाउचर संख्या 34 दिनाँक 03.05.21 के अंतर्गत नगर परिषद ऊना के कर्मचारियों के स्थापना जांच रजिस्टर (E.C.R.) में दर्ज वेतन से वास्तविक में अधिक वेतन देने के कारण ₹10190 का अधिक एवं अनियमित भुगतान किया गया है। जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है:-

168

| क्रम संख्या | कर्मचारी का नाम व पदनाम | स्थापना जांच रजिस्टर मे दर्ज वेतन (₹) | दिया गया वेतन (₹) | अधिक एवं गलत भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मंजू बाला, कनिष्ठ सहायक | 39693 | 40508 | 815 |
| 2 | श्री सोम नाथ, लिपिक | 33494 | 34116 | 622 |
| 3 | श्रीमती राज रानी, चपड़ासी | 27196 | 27775 | 579 |
| 4 | श्री राकेश कुमार, चपड़ासी | 26722 | 27252 | 530 |
| 5 | श्री राजिंदर कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता | 79212 | 80609 | 1397 |
| 6 | श्री हरजीत सिंह, मिस्त्री | 29031 | 29491 | 460 |
| 7 | श्री हरी राम, बेलदार | 34803 | 35346 | 543 |
| 8 | श्री मदन कुमार, बेलदार | 34416 | 34959 | 543 |
| 9 | श्री सुरिंदर कुमार, बेलदार | 34463 | 35006 | 543 |
| 10 | श्री दलीप सिंह, बेलदार | 24707 | 25079 | 372 |
| 11 | श्री कमल देव, बेलदार | 22053 | 22425 | 372 |
| 12 | श्री राज कुमार, बेलदार | 24707 | 25079 | 372 |
| 13 | श्री चौकस राम बेलदार | 24707 | 25079 | 372 |
| 14 | श्री कुलदीप चंद, बेलदार | 24707 | 25079 | 372 |
| 15 | श्री सुच्चा राम, बेलदार | 24707 | 25079 | 372 |
| 16 | श्री मोती लाल, बेलदार | 23769 | 24142 | 373 |
| 17 | श्री संजय, बेलदार | 24003 | 24364 | 361 |
| 18 | श्री परमजीत, बेलदार | 20835 | 21148 | 313 |
| 19 | श्रीमती प्रेम लत्ता, बेलदार | 17128 | 17385 | 257 |
| 20 | श्री मंगत राम, सफाई कर्मचारी | 37453 | 38075 | 622 |
| | | **607806** | **617996** | **10190** |

उक्त अधिक एवं गलत भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या- 257 दिनाँक 2.06.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889

दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि कर्मचारियों को अधिक वेतन नहीं दिया गया है केवल स्थापना जांच रजिस्टर (E.C.R.) में प्रविष्टियों को दर्ज करते समय लिपिकीय गलती हो गई है। इन प्रविष्टियों को स्थापना जांच रजिस्टर (E.C.R.) में सही कर दिया गया है। उत्तर संतोषजनक नहीं है, क्योंकि न तो स्थापना जांच रजिस्टर में लिपिकीय त्रुटी को सुधारा गया था व न ही लिपिकीय त्रुटि के कारणों से अंकेक्षण को अवगत करवाया गया। अतः स्थापना जांच रजिस्टर (E.C.R.) में दर्ज वेतन से वास्तविक वेतन अधिक देने के कारण किए गये अधिक एवं गलत भुगतान `10190 का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अधिक एवं अनियमित भुगतान की वसूली सम्बन्धित कर्मचारियों से की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 11 निर्माण कार्यों से सम्बन्धित त्रुटियाँ :-

### 1) गणना में त्रुटि के कारण संविदाकारों को ₹7884 का अधिक एवं अनियमित भुगतानः-

अंकेक्षण हेतु चयनित माह 5/21 के व्यय वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि संविदाकारों को निर्माण/ मुरम्मत कार्यों में गणना में त्रुटि के कारण अधिक एवं अनियमित भुगतान किया गया था। जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है :-

(i) कार्य का नाम :- Remaining work of street for lying of pavers near H/O Som Nath towards Masihat Wali Gali street ward No. 7
संविदाकार का नाम :- श्री मनी राम
वाउचर संख्या व दिनाँक :- 58 दिनाँक 11.05.21
माप पुस्तिका संख्या व पेज संख्या :- 115 पेज 40

| मद संख्या | मद का नाम | वास्तविक निष्पादित मात्रा | दर्ज की गई मात्रा | अन्तर | दर | अधिक एवं अनियमित/ गलत भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Providing and laying pavers block 60mm | 101.56 m2 | 110.08 m2 | 8.52 m2 | 800/ m2 | 6816 |

(ii) कार्य का नाम :- Remaining work of street for lying of pavers from H/O Hans Raj towards street ward No. 7

संविदाकार का नाम :- श्री मनी राम
वाउचर संख्या व दिनाँक :- 60 दिनाँक 11.05.21
माप पुस्तिका संख्या व पेज संख्या :- 115 पेज 39

| मद संख्या | मद का नाम | वास्तविक निष्पादित मात्रा | दर्ज की गई मात्रा | अन्तर | दर | अधिक एवं अनियमित/ गलत भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Providing and laying compacked bedding of sand | 114x0.05= 5.7m3 | 120 x 0.05 = 6m3 | 0.3 m3 | 750/ m3 | 225 |

(iii) कार्य का नाम :- C/O drain from H/O Mohan Lal Dehl towards friends colony ward no. 1

संविदाकार का नाम :- श्री सुभाष चंद
वाउचर संख्या व दिनाँक :- 62 दिनाँक 11.05.21
माप पुस्तिका संख्या व पेज संख्या :- 115 पेज 84-86

| मद संख्या | मद का नाम | वास्तविक निष्पादित मात्रा | दर्ज की गई मात्रा | अन्तर | दर | अधिक एवं अनियमित/ गलत भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Excavation in drain and channels etc. in all kind of soils with all leads & lifts | 5x15x.90x.70 =47.25 m3 | 50.62 m2 | 3.37 m3 | 250/ m3 | 842.50 Say off= 843 |

**क्रम संख्या (i) से (iii) तक का कुल योग (6816+225+843)= ₹7884**

उक्त गणना में त्रुटि के कारण किए गये अधिक भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 218 दिनाँक 18.05.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि संविदाकारों से वसूली प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और वसूली पूर्ण करके आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। अतः दिए गये प्रतियुत्तर अनुसार अधिक एवं अनियमित/अनियमित भुगतान की वसूली सम्बन्धित संविदाकारों

अथवा भुगतान करने हेतु उत्तरदायी अधिकारी / कर्मचारी/उचित स्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**11.2 निर्माण /मुरम्मत कार्यों में निष्पादित अतिरिक्त मदों की दरों की गणना गलत तरीके से करने के कारण संविदाकारों को ₹1.48 लाख का अधिक एवं गलत भुगतान**

अंकेक्षण हेतु चयनित माह 7/22 के व्यय वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि निर्माण /मुरम्मत कार्यों में निष्पादित अतिरिक्त मदों की दरों की गणना गलत तरीके से करने के कारण संविदाकारों को निम्नलिखित विवरणानुसार ₹148033 का अधिक एवं गलत भुगतान किया गया था।

(i) **कार्य का नाम :- construction of car parking near ayurvedic hospital una in ward no.2**

संविदाकार का नाम :- kathuria construction company (proprietor iqbal singh)

बिल – द्वितीय चलित बिल

अनुमानित लागत = ₹9232311

वाउचर संख्या :- 211 दिनाँक 5-7-2022

माप पुस्तिका संख्या :- 118 पेज संख्या 17 से 22

अवार्डड राशि = ₹10899100 Above 18.05% schedule of rates 2009

कार्य समाप्ति लागत = ₹12834014

| मद संख्या | अतिरिक्त निष्पादित मद का नाम | निष्पादित मात्रा | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | एक –समान मद की प्रतिशतता दर | देय दर(₹) (मानक दर सूची में उल्लेखित दर + एक – समान मद की प्रतिशतता ) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | Providing and laying in c.c 1:3:6 (40 mm Agg.) | 66.61 m3 | 3000/ m3 | Similar item P/L C.C 1:6:12 हेतु भरी गई दर = ₹2000 मानक दर सूची के अनुसार दर=1942.50 दर प्रतिशतता =2.96% ऊपर | 2585.15 + 76.52 = 2661.67 | 338.33 / m3 | 22536.16 |
| | | | | | | योग | **22536** |

(ii) **कार्य का नाम :- Provision of Pavers to the Dr. Subhash street opposite indira stadium Ward No. 4**

संविदाकार का नाम :- abhishek khajanchi

माप पुस्तिका संख्या :- 116 पेज संख्या 89 से 90

वाउचर संख्या :- 232 दिनाँक 19-7-2022

अनुमानित लागत = ₹288638

अवार्डड राशि = ₹482214 Above 67% schedule of rates 2009

कार्य समाप्ति लागत =₹760687

| मद संख्या | अतिरिक्त निष्पादित मद का नाम | निष्पादित मात्रा | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | मानक दर सूची में उल्लेखित दर | देय दर (₹) (मानक दर सूची में उल्लेखित दर + समग्र प्रतिशतता ) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | Providing and laying P.V.C pipe150mm dia | 229.35 RM | 550/RM | 277.10 | 277.10 + 185.65 =462.75 | 87.25 | 20010.78 say off = 20011/= |

(iii) **कार्य का नाम :- Regrading of street leading to h/o suraj and others ward no. 1 :-**

संविदाकार का नाम :- श्री अभिषेक खजांची

वाउचर संख्या :- 233 दिनाँक 19-7-2022

माप पुस्तिका संख्या :- 116 पेज संख्या 88-89

अनुमानित लागत = ₹132534

अवार्डड राशि = ₹217005 Above 63.73% schedule of rates 2009

कार्य समाप्ति लागत = ₹333785

| मद संख्या | अतिरिक्त निष्पादित मद का नाम | निष्पादित मात्रा | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | मानक दर सूची में उल्लेखित दर | देय दर (₹) (मानक दर सूची के अनुसार व्युत्पन दर + समग्र प्रतिशतता) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Providing and laying | 36.75 RM | 1200/ RM | For 150mm dia= 277.10 | 554.20 + 353.24 =907.44 | 292.55 | 10751.21 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | P.V.C pipe 300mm dia | | | (Calculation for 300mm dia= 277.10+277-10=554.20) | | | |
| | | | | | | योग | ₹10751 |

(iv) **कार्य का नाम :- Annual repair and maintenance of street and drains in ward no. 9,10 and 11**

संविदाकार का नाम :- varun puri

वाउचर संख्या :- 235 दिनाँक 19-7-2022

माप पुस्तिका संख्या :- 117 पेज संख्या 4

अनुमानित लागत = ₹668656

अवार्डड राशि = ₹1090833 Above 63.08% schedule of rates 2009

कार्य समाप्ति लागत = ₹601979

| मद संख्या | अतिरिक्त निष्पादित मद का नाम | निष्पादित मात्रा | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | मानक दर सूची में उल्लेखित दर | देय दर (₹) (मानक दर सूची के अनुसार व्युत्पन दर + समग्र प्रतिशतता ) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | Providing and laying P.V.C pipe 200mm dia | 64.65 RM | 1200/RM | For 150 mm dia= 277.10 (Calculation for 200mm dia= 277.10/150X200= 369.46 | 369.46+ 233.05 =602.51 | 597.49 | 38627.72 |
| 8 | Providing and laying P.V.C pipe 300mm dia | 58RM | 1675/RM | For 150mm dia= 277.10 (Calculation for 300mm dia= 277.10+277-10=554.20) | 554.20 + 349.58 =903.78 | 771.22 | 44730.76 |
| 9 | Providing and laying R.C.C pipe 300mm dia | 15RM | 1900/RM | 700 | 700+441.56 =1141.56 | 758.46 | 11376.6 |
| | | | | | | योग | 94735.08 |

**क्रम संख्या (i) से (iv) तक का कुल योग (22536 +20011+10751+94735) = 148033**

उक्त अधिक एवं गलत भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या-263 दिनाँक 7.06.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि संविदाकारों को अतिरिक्त मदों की दर ओवर आल प्रतिशतता के आधार पर किया गया है । किसी विशिष्ट दर की गणना के अनुसार दर प्रतिशतता निकाल कर भुगतान करना संविदाकार मान्य नहीं करना है । उत्तर संतोषजनक नहीं है । अतः उपरोक्त उल्लेखित निर्माण/मुरम्मत कार्यों में अतिरिक्त मदों की दरों की गणना गलत तरीके से नियमों के विपरीत करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अधिक एवं गलत भुगतान की गई राशि ₹148033 की वसूली सम्बन्धित संविदाकारों अथवा अधिक एवं गलत भुगतान करने हेतु उत्तरदायी अधिकारी /कर्मचारी से की जानी सुनिश्चित की जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**11.3 गणना में त्रुटि के कारण संविदाकारों को ₹0.67 लाख का अधिक एवं अनियमित भुगतानः-**

अंकेक्षण हेतु चयनित माह 7/22 के व्यय वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि संविदाकारों को निर्माण/ मुरम्मत कार्यों में गणना में त्रुटि के कारण निम्नलिखित विवरणानुसार ₹66840 का अधिक एवं गल्त भुगतान किया गया था।

**(i) (a) श्री इकबाल सिंह मै. कथूरिया कंस्ट्रक्शन कम्पनी) संविदाकार को गणना में त्रुटि के कारण ₹26578 का अधिक एवं गलत भुगतानः-**

कार्य का नाम :- C/o Car parking near Distt. Ayurvedic Hospital ward no. 2 M.C. Una (SH:- Building Portion)
बिल :- द्वितीय चलित बिल
संविदाकार का नाम :- श्री इकबाल सिंह ( मै. कथूरिया कंस्ट्रक्शन कम्पनी)
वाउचर संख्या व दिनाँक :- 211 दिनाँक 5.07.22
माप पुस्तिका संख्या व पेज संख्या :- 118 पेज 17-22

**(i) निष्पादित मात्रा के वास्तविक योग से अधिक योग दर्शाकर अधिक एवं अनियमित भुगतानः-**

| मद संख्या | मद का नाम | वास्तविक निष्पादित मात्रा का योग | दर्ज की गई मात्रा | अन्तर | भार (Rmt x factor) | दर | अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | P/L tor steel reinforcement u/c bending binding and placing in position complete column1st to 2nd floor **Ramp Pedestal beam Tor Steel 10mm** | 25882.57 Rmt | 26068.67 Rmt | 186.10 Rmt | 186.10 x 0.62= 115.382 किलोग्राम | 70 प्रति किलोग्राम | 8076.74 Say off= 8077 |
| 7 | Column D1D7, E1E7, F1F7,G1G7, H1H7 **Tor Steel 8mm** | 4841.26 Rmt | 4911.26 Rmt | 70 Rmt | 70 x 0.39= 27.300 किलोग्राम | 70 प्रति किलोग्राम | 1911 |
| | | | | | | योग | **9988** |

**(ii) निष्पादित वास्तविक मात्रा से अधिक मात्रा दर्शाकर अधिक एवं गल्त भुगतान :-**

| मद संख्या | मद का नाम | वास्तविक निष्पादित मात्रा | दर्ज की गई मात्रा | अन्तर | दर | अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4(i) | Form work steel plates so as to give a fair finish-<br>Flat surface slab D1D7 to H1 H6 | 1x4x4.74x5.05 = 95.748 m2 | 110.91 m2 | 15.162 m2 | 213/ m2 | 3229.50 say off 3230/= |
| 8 | P/L RCC work in m25 mix and curing complete in column **Beam Ramp** | 2x5.56x.60x.45 = 3 m3 | 4 m3 | 1/ m3 | 4450/ m3 | 4450 |
| | | | | | योग | **7680** |

**क्रम संख्या (i) व (ii) का कुल योग (9988+7680)= ₹17668**

**(b)** कार्य का नाम :- C/o Car parking near Distt. Ayurvedic Hospital ward no. 2 M.C. Una (SH:- Building Portion)

बिल :- प्रथम चलित बिल

संविदाकार का नाम :- श्री इकबाल सिंह ( मै. कथूरिया कंस्ट्रक्शन कम्पनी)

माप पुस्तिका संख्या व पेज संख्या :- 118 पेज 1-17

| मद संख्या | मद का नाम | वास्तविक निष्पादित मात्रा | दर्ज की गई मात्रा | अन्तर | दर | अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8/6 | P/L mechanically mixed and vibrated m/o concrete **R/wall near transformer** | 5x(1.5+0.9)/2x.45 =2.7 m3 | 5.40 m3 | 2.7 m3 | 3300/ m3 | **8910** |

**क्रम संख्या (a) व (b) (17668 +8910) = 26578**

**(ii) श्री महेश अंगरा संविदाकार को गणना में त्रुटि के कारण ₹19094 का अधिक एवं गलत भुगतान :-**

कार्य का नाम :- Repair of path infornt of house of Sh. Arvind Sood S.E. Jal Shakti vibhag Mohala Arya Nagar Ward No. 1 M.C. Una.

बिल :- प्रथम व अंतिम बिल

संविदाकार का नाम :- श्री महेश अंगरा

वाउचर संख्या व दिनॉक :- 229 दिनॉक 15.07.22

माप पुस्तिका संख्या व पेज संख्या :- 117 पेज 82-83

| मद संख्या | मद का नाम | मूल्यांकन में दर्ज मात्रा (Qty in Assessment) | बिल में दर्ज मात्रा (Qty in Bill) | अन्तर | दर | अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Form work of steel plates so as to give a fair finish- | 24.93 m2 | 178.55 m2 | 153.62 m2 | 99/ m2 | 15208.38 say off 15208/= |
| 5 | P/L in C.C. 1:3:6 | 178.55 m2 x.125 = 22.32 m3 | 188.95 m2 x 0.125 = 23.62 m3 | 1.3 m3 | 2989/ m3 | 3885.70= Say off 3886/= |
| | | | | | योग | **19094** |
| | | | | | | |

**(iii) श्री वरुण पुरी संविदाकार को गणना में त्रुटि के कारण ₹15713 का अधिक एवं गलत भुगतान :-**

कार्य का नाम :- ARM (Annual repair and maintenance) of M.C. street and drains in ward no. 9, 10 &11 M.C. Una

बिल :- तृतीय चलित बिल

संविदाकार का नाम :- श्री वरुण पुरी

वाउचर संख्या व दिनाँक :- 235 दिनाँक 19.07.22

माप पुस्तिका संख्या व पेज संख्या :- 115 पेज 77-78 व 117 पेज 4

**(a) :-**

| मद संख्या | मद का नाम | वास्तविक निष्पादित मात्रा | दर्ज की गई मात्रा | अन्तर | दर | अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | P/L interlocking cone block pavement having thickness 60 mm thick | 10x(2.35+2.2)/2= 22.75 m2 | 27.50 m2 | 4.75 m2 | 800/ m2 | 3800 |
| 4 | P/L compacked bedding of sand | 102.49x0.05= 5.125 m3 | 107.24x0.05= 5.36 m3 | 0.235 m3 | 489.20/ m3 | 114.96/= Say off = 115/= |
| | | | | | **योग** | **3915** |

**(b) :-**

| मद संख्या | मद का नाम | मूल्यांकन में दर्ज मात्रा (Qty in Assessment) MB 115 page-77 | बिल में दर्ज मात्रा (Qty in Bill) MB 117 page-4 | अन्तर | दर | अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | Excavation in drain and channel etc. | 17.46 m3 | 64.65 m3 | 47.19 m3 | 250/ m3 | 11797.50 say off 11798/= |

**क्रम संख्या (a) व (b) तक का कुल योग (3915+11798)= ₹15713**

**(iv) श्री प्रफुल्ल वेदी संविदाकार को गणना में त्रुटि के कारण ₹5455 का अधिक एवं गलत भुगतान :-**

कार्य का नाम :- Provision of Pavers to the street from H/O Gurmail Kaur towards main gate Ward No. -2 Una.

बिल :- द्वितीय व अन्तिम बिल
संविदाकार का नाम :- श्री प्रफुल्ल वेदी
वाउचर संख्या व दिनाँक :- 245 दिनाँक 28.07.22
माप पुस्तिका संख्या व पेज संख्या :- 117 पेज 53-56 व 58

| मद संख्या | मद का नाम | मूल्यांकन में दर्ज मात्रा (Qty in Assessment) MB 117 page-55 | बिल में दर्ज मात्रा (Qty in Bill) MB 117 page-58 | अन्तर | दर | अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | Excavation in earth work in piece work | 10.67 m3 | 53.34 m3 | 42.67 m3 | 127.85/ m3 | 5455 |

**क्रम संख्या (i) से (iv) तक का कुल योग (26578+19094+15713+5455)= ₹66840**

उक्त अधिक एवं अनियमित भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 261 दिनाँक 7.06.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या: एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि सम्बन्धित संविदाकारों से अधिक भुगतान की राशि की वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और आगामी अंकेक्षण तक पूर्ण करके अवगत करवा दिया जाएगा। अतः उपरोक्त उल्लेखित निर्माण/मुरम्मत कार्यों में गणना में त्रुटि के कारण संविदाकारों को किए गये अधिक एवं अनियमित भुगतान ₹66840 का औचित्य स्पष्ट किया जाए व दिए गये प्रतियुत्तर अनुसार उक्त अधिक एवं अनियमित भुगतान की वसूली सभी सम्बन्धित संविदाकारों से की जानी सुनिश्चित की जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**11.4 निर्माण /मुरम्मत कार्यों में निष्पादित अतिरिक्त मदों की दरों की गणना एक-समान मद हेतु सविंदाकार द्वारा टेंडर में भरी गई दर के अनुसार न करने के कारण संविदाकारों को ₹14401 का अधिक एवं अनियमित भुगतान:-**

अंकेक्षण हेतु चयनित माह 5/21 के व्यय वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि निर्माण/ मुरम्मत कार्यों में निष्पादित अतिरिक्त मदों की दरों की गणना एक-समान मद हेतु सविंदाकार द्वारा टेंडर में भरी गई दर की मानक दर अनुसूची 2009 से प्रतिशतता के अनुसार न करके टेंडर की कुल प्रतिशतता पर करने कारण संविदाकारों को निम्नलिखित विवरणानुसार ₹14401 का अधिक एवं अनियमित भुगतान किया गया था।

(i) कार्य का नाम :- Provision of Retaining wall to the remaining portion of street to mohalla Neelghat street near Shailza Vihar Colony Street in ward no. 11
संविदाकार का नाम :- श्री अभिषेक खजांची
वाउचर संख्या :- 48 दिनाँक 11-5-2021
माप पुस्तिका संख्या :- 115 पेज संख्या 69 से 71
अवार्डड राशि = ₹126390 Above 54.88%
कार्य की कुल लागत = ₹214716

| मद संख्या | अतिरिक्त निष्पादित मद का नाम | निष्पादित मात्रा | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | एक -समान मद की प्रतिशतता दर | देय दर (₹) (मानक दर सूची में उल्लेखित दर + एक -समान मद की प्रतिशतता ) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Providing and laying in c.c 1:2:4 (40mm Agg.) | 1.80 m3 | 4848.05/ m3 | Similar item P/L C.C 1:6:12 हेतु भरी गई दर = ₹2800 मानक दर सूची के अनुसार दर=1942.50 दर प्रतिशतता =44.14% ऊपर | 3130.20 + 1381.67 = 4511.87 | 336.18/ m3 | 605.12 |
| 5 | Providing and laying in c.c 1:2:4 (20mm Agg.) | 14.98 m3 | 5102.80/ m3 | Similar item P/L C.C1:6:12 हेतु भरी गई दर = ₹2800 मानक दर सूची में दर=1942.50 दर प्रतिशतता =44.14% ऊपर | 3165.90+ 1397.42 = 4563.32 | 539.48/ m3 | 8081.41 |
| | | | | | | योग | **8686.53** |

(ii) कार्य का नाम :- Provision of Pavers to the street pull bala bazaar towards Moh. Jole Latrine Ward No. 11
संविदाकार का नाम :- श्री प्रफुल्ल बेदी
माप पुस्तिका संख्या :- 115 पेज संख्या 69 से 71
वाउचर संख्या :- 70 दिनाँक 11-5-2021
अनुमानित लागत = ₹432908
अवार्डड राशि =₹702200 Above 66.36%
कार्य की कुल लागत = ₹760687

| मद संख्या | अतिरिक्त निष्पादित मद का नाम | निष्पादित मात्रा | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | एक -समान मद की प्रतिशतता दर | देय दर (₹) (मानक दर सूची में उल्लेखित दर + एक -समान मद की प्रतिशतता ) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Providing and laying in c.c 1:4:8 | 13.40 m3 | 3814.80/ m3 | Similar item P/L C.C 1:2:4 हेतु भरी गई हेतु भरी गई दर | 2293.10 + 1369.66 =3662.76 | 152.03/ m3 | 2037 |

180

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ₹3130.20 मानक दर सूची में दर=1869.80 दर प्रतिशतता =59.73% ऊपर | | | |

(iii) कार्य का नाम :- Provision of pavers to the street from Bhat Shop to the shop of master Ramesh ward no. 1

संविदाकार का नाम :- श्री तिलक राज

वाउचर संख्या :- 74 दिनाँक 11-5-2021

माप पुस्तिका संख्या :- 116 पेज संख्या 3

अनुमानित लागत = ₹617255

अवार्डड राशि = ₹1027825 Above 66.51%

कार्य की कुल लागत = ₹1164379

| मद संख्या | अतिरिक्त निष्पादित मद का नाम | निष्पादित मात्रा | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | एक -समान मद की प्रतिशतता दर (Derived rate) | देय दर (₹) (मानक दर सूची में उल्लेखित दर + एक -समान मद की प्रतिशतता ) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | Providing and laying in c.c 1:3:6 | 10.56 m3 | 4304.50/ m3 | Similar item P/L C.C 1:2:4 हेतु भरी गई दर = ₹3130.20 मानक दर सूची में दर=1869.80 दर प्रतिशतता =59.73% ऊपर | 2585.15 + 1544.11 = 4129.26 | 175.24/ m3 | 1850.53 |
| 4 | Providing and laying in cement concrete 1:1 ½ :3 | 7.50 m3 | 5985.35/ m3 | Similar item P/L C.C 1:2:4 हेतु भरी गई दर = ₹3130.20 मानक दर सूची में दर=1869.80 दर प्रतिशतता =59.73% ऊपर | 3594.60 + 2147.05 = 5741.65 | 243.70/ m3 | 1827.75 |
| | | | | | | **योग** | **3678.28** |

**क्रम संख्या (i) से (iii) तक का कुल योग (8686+2037+3678) = 14401**

उक्त अधिक एवं अनियमित भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 217 दिनाँक 18.05.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि संविदाकारों को अतिरिक्त मदों की दर ओवर आल प्रतिशतता के आधार पर किया गया है। किसी विशिष्ट दर की गणना के अनुसार दर प्रतिशतता

निकाल कर भुगतान करना संविदाकार मान्य नहीं करना है । उत्तर संतोषजनक नहीं है । अतः उपरोक्त उल्लेखित निर्माण/ मुरम्मत कार्यों में अतिरिक्त मदों की दरों की गणना एक-समान मद हेतु सविदाकार द्वारा टेंडर में भरी गई दर की मानक दर अनुसूची 2009 से प्रतिशतता के अनुसार न करके नियमों के विपरीत टेंडर की कुल प्रतिशतता पर करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व उक्त अधिक एवं अनियमित भुगतान ₹14401 की वसूली सम्बन्धित संविदाकारों अथवा भुगतान करने हेतु उत्तरदायी अधिकारी/ कर्मचारी से से की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**11.5 अतिरिक्त मदों की दर की गणना मानक दर सूची में उल्लेखित दरों से अधिक दरों पर करने के कारण संविदाकारों को ₹0.68 लाख का अधिक एवं अनियमित भुगतान:-**

अंकेक्षण हेतु चयनित माह 5/21 के दौरान निर्माण /मुरम्मत कार्यों के व्यय वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि विभिन्न कार्यों में संविदाकारों द्वारा निष्पादित अतिरिक्त मदों की दर की गणना मानक दर सूची में उल्लेखित दरों से अधिक दरों पर करने के कारण निम्नविवरणानुसार ₹67887 का अधिक एवं अनियमित भुगतान किया गया था।

(i) कार्य का नाम :- Provision of Pavers to the street Sant Tope Wala W. No. 1
संविदाकार का नाम :- श्री शिव कुमार कपिला
शीर्ष का नाम :- चौदहवें वित्तायोग
अवार्ड पत्र संख्या:- 1272 दिनांक 2.07.20
माप पुस्तिका संख्या :- 115 पेज संख्या 80
जिस दर पर कार्य आवंटित किया गया = 65% ऊपर मानक दर सूची 2009
वाउचर संख्या :- 43 दिनांक 11.05.21
कार्य की कुल लागत :- ₹206778

| मद का नाम | निष्पादित मात्रा | मानक दर सूची में दर (₹) | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | अन्तर (₹) | अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) | प्रीमियम की प्रतिशतता 65% | कुल अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Steel work welded in built up section | 5.70 क्विंटल | 7569 | 9000 | 1431 | 8156.70 | 5301.85 | 13458.55 Sayoff= 13459 |

(ii) कार्य का नाम :- Provision of Pavers to the street opposite to H/O Prem Adeev master Ward No. 1
संविदाकार का नाम :- श्री शिव कुमार कपिला
शीर्ष का नाम :- चौदहवें वित्तायोग
अवार्ड पत्र संख्या:- 1751 दिनाँक 11.08.20
जिस दर पर कार्य आवंटित किया गया = 65% ऊपर मानक दर सूची 2009
माप पुस्तिका संख्या :- 115 पेज संख्या 81
वाउचर संख्या :- 45 दिनाँक 11.05.21
कार्य की कुल लागत :- ₹185990.93

| मद का नाम | निष्पादित मात्रा | मानक दर सूची में निर्धारित दर (₹) | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) | प्रीमियम की प्रतिशतता 65% | कुल अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Steel work welded in built up section | 2.62 क्विंटल | 7569 | 9000 | 1431 | 3749.22 | 2436.89 | 6186.21 Sayoff= 6186 |

(iii) कार्य का नाम :- Provision of Underground drainage to the street of Chander Lok Colony near H/O Nardev Thakur ward No. 4
संविदाकार का नाम :- श्री सतीश कुमार
शीर्ष का नाम :- चौदहवें वित्तायोग
अवार्ड पत्र संख्या:- 1650 दिनाँक 28.07.20
जिस दर पर कार्य आवंटित किया गया = 65% ऊपर मानक दर सूची 2009
वाउचर संख्या :- 68 दिनाँक 11.05.21
माप पुस्तिका संख्या :-116 पेज संख्या 16-17
कुल किया गया कार्य :- ₹219555

| मद का नाम | निष्पादित मात्रा | मानक दर सूची में निर्धारित दर (₹) | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) | प्रीमियम की प्रतिशतता 65% | कुल अधिक एवं अनियमित भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Steel work welded in built up section | 7.08 क्विंटल | 7569 | 9000 | 1431 | 10131.48 | 6585.46 | 16716.94 Sayoff= 16717 |

(iv) कार्य का नाम :- Provision of Pavers and under ground drain to Mani Ram street ward no. 7
संविदाकार का नाम :- श्री सौरव लाम्बा
शीर्ष का नाम :- चौदहवें वित्तायोग
अवार्ड पत्र संख्या:- 1271 दिनाँक 2.07.20
जिस दर पर कार्य आवंटित किया गया = 65% ऊपर मानक दर सूची 2009
कार्य की कुल लागत :- ₹141290.97
वाउचर संख्या :- 43 दिनाँक 11.05.21
माप पुस्तिका संख्या :-116 पेज संख्या 16-17

| मद का नाम | निष्पादित मात्रा | मानक दर सूची में निर्धारित दर (₹) | देय दर (मानक दर सूची में निर्धारित दर + 65% ऊपर) | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| P/L P.V.C. Pipe 150 mm dia | 146.40 | 277.10 | 277.10 + 180.11 (277.10 x 65% ) = 457.21 | 550 | 92.79 | 13584.45 = say off = 13584 |

(v) कार्य का नाम :- Provision of Pavers to the street H/O Harish Dhiman to Vijay Kasturi Ward no.4
संविदाकार का नाम :- श्री वरुण मेनन
अवार्ड पत्र संख्या:- 2207- 2213 दिनाँक 16.09.20
अवार्डड राशि= ₹832937 i.e. 66.28% ऊपर
कार्य समाप्ति की लागत :- ₹971941.27
वाउचर संख्या :- 71 दिनाँक 11.05.21
माप पुस्तिका संख्या :-115 पेज संख्या 67

| मद संख्या | अतिरिक्त मद का नाम | निष्पादित मात्रा | मानक दर सूची में निर्धारित दर (₹) | देय दर (मानक दर सूची में निर्धारित दर + 66.28% ऊपर) | जिस दर पर भुगतान किया गया (₹) | अन्तर (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | P/L P.V.C. Pipe 150 mm dia | 128.85 | 277.10 | 277.10 + 183.66 (277.10 x 66.28%) = 460.76 | 600 | 139.24 | 17941 |

**क्रम संख्या (i) से (v) तक का कुल योग (13459+6186+16717+13584+17941)= ₹67887**

उक्त अधिक एवं अनियमित भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 216 दिनाँक 18.05.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा /2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि अधिक भुगतान की राशि सम्बन्धित संविदाकारों से वसूली प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और आगामी अंकेक्षण तक वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा । अतः दिए गये प्रतियुत्तर अनुसार अधिक एवं अनियमित भुगतान की गई राशि ₹67887 की वसूली सम्बन्धित संविदाकारों अथवा अधिक भुगतान करने हेतु उत्तरदायी अधिकारी/कर्मचारी/उचित स्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**11.6 रॉयल्टी की कटौती न करने के कारण ₹1.30 लाख की हानि :-**

हिमाचल प्रदेश सरकार उद्योग विभाग की अधिसूचना संख्या उद्योग-II(F) 6-5/2006 दिनाँक 16-01-2012 के अनुसार रेत बजरी व पत्थर हेतु रॉयलटी की दर ₹40 प्रति मीट्रिक टन व हिमाचल प्रदेश सरकार उद्योग विभाग की अधिसूचना संख्या उद्योग-II(F) 6-14/2014-Vol-I दिनाँक 10.02.22 के अनुसार रेत बजरी व पत्थर हेतु रॉयलटी की दर ₹80 प्रति मीट्रिक टन निर्धारित की गई है। लेकिन अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण हेतु चयनित मासों 5/2021 व 7/2022 के दौरान नगर परिषद ऊना द्वारा करवाए गए निर्माण/मुरम्मत कार्यों में ठेकेदारों से उपयोग की गई सामग्री के समर्थन में कोई भी अभिलेख/ (एम फॉर्म) प्रस्तुत नहीं किए गए थे जिससे कि सत्यापित किया जा सके कि उपयोग में लाई गई सामग्री जैसे कि रेत, बजरी, पत्थर, ईंट आदि अधिकृत एवं कानूनी स्रोत से प्राप्त की गई थी जोकि नियमों की गम्भीर अवहेलना है। नियमानुसार एम फॉर्म प्रस्तुत न करने की अवस्था में सम्भवतः सरकार को आय के रूप में ₹130457 की हानि हुई है। जिसका विवरण **परिशिष्ट- 'ज'** पर दिया गया है। "एम" फार्म प्राप्त न करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 264 दिनाँक 07.06.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा /2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि संविदाकारों से वसूली प्रक्रिया शुरू करके व वसूली पूर्ण करके आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। अतः ठेकेदारों से प्रयोग की गई सामग्री के एवज में एम फार्म प्राप्त न करने का औचित्य स्पष्ट किया

185

जाए व उक्त फार्म प्राप्त किए जाने सुनिश्चित किये जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 11.7 देरी से कार्य निष्पादन करने के बावजूद राशि ₹14.21 लाख की विलम्ब दण्ड शुल्क की वसूली न करना।

अंकेक्षण हेतु चयनित माह 7/22 के दौरान करवाए गए निर्माण/मुरम्मत कार्यों के अवलोकन पर पाया गया कि जिन संविदाकारों द्वारा कार्य को निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण नहीं किया था, उनसे अवार्ड पत्र की शर्तों के अनुसार विलम्ब दण्ड शुल्क वसूला जाना अपेक्षित था, क्योंकि न तो सम्बन्धित संविदाकारों द्वारा समय बढ़ौत्तरी हेतु सक्षम अधिकारी को आवेदन किया था व न ही सम्बन्धित संविदाकारों को समय बढ़ौत्तरी की स्वीकृति सक्षम अधिकारी व सदन द्वारा प्रदान की गई थी | देरी से कार्य निष्पादित करने के फलस्वरूप सम्बन्धित संविदाकारों से विलम्ब दण्ड शुल्क के रूप में निम्नविवरणानुसार ₹1421005 की हानि हुई है :-

**अवार्ड पत्र की शर्तों के अनुसार विलम्ब दण्ड शुल्क की वसूली न करना ₹1421005:-**

| क्र० सं० | कार्य का नाम | वाउचर संख्या/ दिनाँक व संविदाकार का नाम | अवार्ड पत्र संख्या व अवार्डड राशि | कार्य समाप्ति की अवधि | माप पुस्तिका संख्या,पेज संख्या व कुल किया गया कार्य | कार्य आवंटन पत्र की शर्त-1के अनुसार कार्य समाप्ति की अपेक्षित तिथि | कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि | जितने दिन देरी से देरी से खत्म किया | अवार्ड पत्र की शर्त के अनुसार निर्धारित विलम्ब दण्ड शुल्क की दर | विलम्ब दण्ड शुल्क | वसूली योग्य दण्ड शुल्क (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Car Parking near District Ayurvedic Hospital w.no. 2 MC Una. (SH Building Portion) | 211/ 5.07.22 मै० इकबाल सिंह (कपूरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी) | 1516 dt 15.06.21 ₹10899100 | 6 माह | 118 पेज 17 से 22 ₹4812478 | 14.12.21 | दिनाँक 31.07.22 तक कार्य पूर्ण नही हुआ है। | दिनाँक 31.07.22 तक 229 दिन | ₹6055 प्रति दिन या अधिकतम ₹1089910 | ₹6055 X 229 = ₹1386595 | 1089910 |
| 2 | Repair of Path infront of house of Sh Arvind Sood S.E. Jal Shakti Vibhag Mohalla Nagar, ward no. 1 M.C. Una. | 229/ 15.07.22 श्री महेश अगरा | 3872 dt 26/02/22 ₹286635 | 2 माह | 117/82 ₹309311 | 26.04.22 | 30.06.22 | 65 दिन | 478 प्रति दिन या अधिकतम ₹28664 | ₹478 X 65= ₹31070 | 28664 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Reconstruction of drain in moh. Nakian ward no. 5 near over head water tank | 237/ 19.07.22श्री मोहित बेदी | 4695 dt 28/04/2022 ₹919716 | 2 माह | 117/78-80 ₹493068 | 28.06.22 | दिनाँक 31.03.23 तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। | 276 दिन | 1533 प्रति दिन या अधिकतम 91977 | ₹1533 X 276= ₹423108 | 91972 |
| 4 | C/O Compost Pits for SWM Project Site MC Una at Village Rampur Distt. Una H.P. | 239/ 19.07.22 Ess Kay Engg. Works | 3504 01/02/22 ₹765899 | 2 माह | 117/ 74-77 ₹845216 | 1.04.22 | 4.07.22 | 94 दिन | 1277 प्रति दिन या अधिकतम ₹76590 | ₹1277 X 94= ₹120038 | 76590 |
| 5 | C/O additional block of 12 no.s compost pits for for SWM Project Site MC Una at Village Rampur Distt. Una H.P. | 238/ 19.07.22 Ess Kay Engg. Works | 3993 dt 11/03/2022 ₹765899 | 2 माह | 117/ 77-78 ₹845216 | 11.05.22 | 2.07.22 | 52 दिन | 1280 प्रति दिन या अधिकतम ₹76690 | ₹1280 X 52 = ₹66560 | 66560 |
| 6 | C/o Rain shelter in ward no. 9 & 11 Una. | 243/ 28.07.22 M/S Ess Kay Engg. works | 717 dt 17/03/2018 ₹673087 | 3 माह | 116/ 80-82 ₹175371 | 17.06.18 | दिनाँक 31.03.23 तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। | 1748 दिन | 748 प्रति दिन या अधिकतम ₹67309 | ₹748 X 1748 = ₹1307504 | 67309 |
| | | | | | | | | | | योग | **1421005** |

उपरोक्त उल्लेखित निर्माण/मुरम्मत कार्यों को देरी से निष्पादित करने के कारण संविदाकारों से विलम्ब दण्ड शुल्क की वसूली न करने के कारण नगर परिषद को ₹1421005 की हानि हुई है। उक्त विलम्ब दण्ड शुल्क की वसूली न करने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 262 दिनाँक 07.06.23 को कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतियुत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ऊना के पत्र संख्या एमसीयू/राज्य लेखा परीक्षा/2023-2889 दिनाँक 26.12.2023 द्वारा स्पष्ट किया कि उपरोक्त विषय पर नियमानुसार कार्रवाई करके आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। अतः उपरोक्त उल्लेखित निर्माण / मुरम्मत कार्यों में संविदाकारों से अवार्ड पत्र की शर्तों के अनुसार विलम्ब दण्ड शुल्क की वसूली न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व विलम्ब दण्ड की वसूली सम्बन्धित संविदाकारों से ₹1421005 की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 11.8 प्रशासनिक अनुमोदन के बगैर ₹478.57 लाख के निर्माण/मुरम्मत कार्यों का निष्पादन :-

उप सचिव, शहरी विकास विभाग, शिमला -2, हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या: यू० डी० – ए० (3) 5/2007 दिनाँक 10-03-2010 के नियम 2(3) के अनुसार नगर पालिका ₹5 लाख तक के कार्यों के प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करने हेतु सक्षम है व ₹5 लाख से अधिक के कार्यों हेतु निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश से प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाना अनिवार्य था। लेकिन अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद ऊना द्वारा वितीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के दौरान राशि ₹5 लाख से अधिक के कार्यों हेतु निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश से प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त करने के बगैर किया गया है। जोकि अनियमित है। निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश से प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किए बिना करवाए गए **₹47857308** के निर्माण/मुरम्मत कार्यों का विवरण निम्नलिखित प्रकार से है :-

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | कार्य का नाम | अनुबन्ध संख्या व दिनाँक | अनुमानित राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | Shifting the office of Municipal Council Una in the upper floor of Parking cum Shopping complex situated at Arvind Marg | 3637 dt 31/12/2019 | 567544.00 |
| 2 | 2021-22 | Extension of street and drain from h/o Madhu Saini and towards h/o Hari Pal Saini W.no. 1 MC Una. | 2497 dt 06/10/2020 | 661932.00 |
| 3 | 2021-22 | Provision of pavers to the street infront of h/o Ranjit Saini, Jatinder Saini, ADA Sanjiv Bherwal Moh. Arya Nagar and Vikram Singh | 2117 dt 15/09/2020 | 645307.00 |
| 4 | 2021-22 | Provision of pavers to the street from h/o Harish Dhiman to Vijay, Kasturi Lal to Tilak Raj Dhiman and to h/o Ravinder kumar and Chawala Furniture workshop to Arvind Kumar Moh. Khadpar w.no. 4 MC Una. | 2207 dt 16/09/2020 | 500908.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | 2021-22 | ARM of MC street and drains in ward no. 9,10 and 11 MC Una. | 2437 dt 30/09/2020 | 668856.00 |
| 6 | 2021-22 | C/o drain from h/o Mohan Lal Dehal towards Friends colony, Improvement of Nalalha Sant Tope Wale and drainage in Shashi Bala street W.no. 1 MC Una. | 2302 dt 19/09/2020 | 661995.00 |
| 7 | 2021-22 | Improvement of drain from Katna well towards Moh. Jole w.no. 7 MC Una. | 2323 dt 19/09/2020 | 697461.00 |
| 8 | 2021-22 | C/O Gym room in MC Park near old Post office, Ward no. 8, M.C. Una. | 4563 dt 19/04/2022 | 786009.00 |
| 9 | 2021-22 | Construction of Park backside to Amol Kalia Petrol Pump Moh. Khadpar w.no. 4 M.C. Una. (SH: Site development and filling.) | 2195 dt 25/08/2021 | 848207.00 |
| 10 | 2021-22 | Provision of pavers and underground drainage to the street from Main bazar street Jn and towards h/o Sh Ananat Vir Singh M. Councillor w.no. 9 MC Una. | 2424 dt 30/09/2020 | 702508.00 |
| 11 | 2021-22 | C/O Compost Pits for SWM Project Site MC Una at Village Rampur Distt. Una H.P. | 3504 01/02/2022 | 816924.00 |
| 12 | 2021-22 | C/O additional block of 12 no.s compost pits for for SWM Project Site MC Una at Village Rampur Distt. Una H.P. | 3993 dt 11/03/2022 | 816924.00 |
| 13 | 2022-23 | Reconstruction of drain in moh. Nakian ward no. 5 near over head water tank | 4695 dt 28/04/2022 | 867703.00 |
| 14 | 2022-23 | Extension of street light MC Una for the year 2022-23. | 5072 dt 21/06/2022 | 902500.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | (SH: Providing and fixing L.E.D street light fixtures). | | |
